आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 22 अप्रैल 2023 ■ वैशाख शुक्ल पक्ष -3 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-024 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 23 अप्रैल 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112



## संक्षेप

### घर में मिली पति-पत्नी व बच्चे की लाश

**खरोरा,22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से लगे खरोरा के मोतिमपुर खुर्द में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव घर पर ही मिले हैं। मृतकों में पति-पत्नी के साथ एक 3 साल बच्चा भी शामिल है। मामला खरोरा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतकों के नाम 27 वर्षीय तुकेश सोनकेवरे, उनकी पत्नी 24 साल की निक्की उर्फ नितिक्षा सोनकेवरे और 3 साल का निहाल है। ग्राम मोतिमपुर खुर्द में तुकेश सोनकेवरे अपने परिवार के रहता था। वहीं देर सुबह तक उनके घर का दरवाजा बंद होने के कारण लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने देखा कि, एक ही परिवार के तीन सदस्यों के शव बिस्तर पर पड़े थे। जहां पति मियार में फांसी से लटका पाया गया है, वहीं मां और बच्चे का शव बिस्तर पर मिला। महिला के मुंह से झाग निकलता दिख रहा है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि, महिला और बच्चे को जहर देकर पति ने फांसी लगाई होगी। फिलहाल पुलिस घटना की हर एंगल से जांच कर रही है।

### दो अवैध आरा मिल सील

**भिलाई,22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में वन विभाग द्वारा वन अपराधों की रोकथाम के लिए अभियान लगातार चलाया जा रहा है इस कड़ी में दुर्ग वन मंडल अंतर्गत जामुल और खुर्सीपार भिलाई में अवैध रूप से संचालित दो आरा मशीनों को सीलकर उनके संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। वन विभाग ने आरएस टिम्बर, लवकुश नगर-जामुल और सियाराम फर्नीचर मार्ट बापू नगर खुर्सीपार भिलाई को सील कर कार्रवाई की है वन मंडलाधिकारी दुर्ग शशिकुमार के निर्देशन में गठित टीम द्वारा दोनों आरामिलों को जांच की गई थी। इस दौरान बिना लायसेंस के अवैध रूप से संचालन होना पाया गया। जिस पर संचालकों के विरुद्ध वन अपराध के प्रकरण दर्ज कर तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों अवैध आरा मशीन को सील कर दिया गया।

### राष्ट्रपति, मोदी व राहुल ने दी ईद और अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** देशभर में आज ईद और अक्षय तृतीया का त्योहार मनाया जा रहा है. सुबह से ही लोग मस्जिदों और मंदिरों में पहुंच रहे हैं. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी देशवासियों को ईद की बधाई दी. उन्होंने कहा, ईद-उल-फितर पर सभी देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम भाइयों-बहनों को मैं बधाई देती हूं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने भी ईद और अक्षय तृतीया पर जनता को शुभकामनाएं दी हैं. ईद की बधाई देते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमारे समाज में सद्भाव और करुणा की भावना को आगे बढ़ाया जाए. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सभी को ईद की मुबारकबाद दी.

### नशीली दवाई की बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार

**भिलाई,22 अप्रैल।** मोहन नगर पुलिस ने आरोपी गुरमुख जुमनानी जगदीश शदादी को रेलवे स्टेशन के पास नशीली दवाई की बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीसी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। आपको बता दें कि मोहननगर पुलिस एवं एसीसीयू के द्वारा अभी अभी की गई इस संयुक्त कार्यवाही में स्पास्ट्रेकन प्लस की 1440 टेबलेट जब्त की गयी है।




## माटी पूजन कर सीएम ने ट्रैक्टर चलाकर जोता खेत

**रायपुर,22 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज शहर के कृषि विश्वविद्यालय परिसर में अक्ती तिहार और माटी पूजन दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए. इस दौरान सीएम ने गांव की माटी, देवी-देवताओं और ठाकुर देव की पूजा की. उन्होंने धान की कोठी से बीज लाकर पूजा की और बीज बुवाई संस्कार के तहत लौकी, सेम, तोरई के बीज भी बोये. इसके बाद सीएम बघेल ने गौ माता को चारा खिलाया साथ ही अच्छी फसल और राज्यवासियों के घर धन धान्य से भरे रहने के लिए धरती माता से कामना की. इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई की.

सीएम ने कहा कि प्रदेश के किसानों के लिए खुशहाली की कामना की. आज किसान अपने खेतों में जाकर बीज डालते हैं और अच्छी फसल के लिए पूजा अर्चना करते हैं. आज परशुराम जयंती भी है. भगवान परशुराम के बारे में कौन नहीं जानता. भगवान परशुराम ने अक्षय पात्र दिया. इस मौसम में आम, इमली, तरबूज, खरबूज के बीज को इकट्ठा करके रखा. दो पात्र रहते हैं एक दूसरे को देते हैं और एक स्वयं खेतों में खाली जगह में चढ़ा देते हैं, ताकि उसी से पेड़ और आने वाले पीढ़ी को इसका लाभ मिले. बता दें कि अक्ति त्योहार के साथ ही खेतों में फसलो की बुआई शुरू हो जाती है. विधानसभा चुनाव में सीएम का छत्तीसगढ़िया अंदाज विपक्ष के लिए चुनौती बनेगा इस सवाल पर सीएम ने कहा कि विपक्ष ने कभी किसानों के लिए काम नहीं किया. इसलिए चुनौती है. भाजपा के पास कोई तोड़ नहीं है.

### जो भी अडानी-मोदी के खिलाफ बोलता है तुरंत पहुंच जाती है सेंट्रल एजेंसी : बघेल

**रायपुर,22 अप्रैल।** राहुल गांधी मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि राहुल ने अडानी के बारे में सवाल किया तो सदस्यता गई, शासकीय आवास खाली करा लिए गए. सत्यपाल मलिक ने भ्रष्टाचार पर सवाल किए तो उनके यहां सीबीआई का नोटिस पहुंच गया. जो भी अडानी-मोदी के खिलाफ बोले सेंट्रल एजेंसी तुरंत पहुंच जाती है.

## महानदी जल विवाद : निसदा बांध पहुंची एनजीटी की टीम

### ■ ओडिशा और छत्तीसगढ़ के अफसरों का सुना पक्ष

**महासमुंद,22 अप्रैल ■ तरुण छत्तीसगढ़**

महानदी के जल बंटवारे को लेकर 40 साल से छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच विवाद की स्थिति निर्मित है. दोनों राज्यों के दावों का परीक्षण करने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की टीम आज सुबह रायपुर-महासमुंद के निसदा बांध पहुंची. यहां निरीक्षण के बाद टीम समोदा बैराज के लिए रवाना हुई. झ

आप को बता दें कि महानदी जल विवाद अधिकरण के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ स्थित महानदी बेसिन क्षेत्र में 2 चरणों में महानदी में जल की उपलब्धता और उपयोगिता का निरीक्षण होगा. 18 अप्रैल से प्रथम चरण प्रारंभ हुआ, जो 22 अप्रैल तक चलेगा. वहीं द्वितीय चरण 29 अप्रैल से 3 मई तक चलेगा. महानदी का पानी 53 प्रतिशत छत्तीसगढ़ और 46.5 प्रतिशत ओडिशा के पास है. इस पानी का अधिकतर उपयोग खेती के लिए किया जाता है इसलिए इसे छत्तीसगढ़ की जीवनदायनी कहा जाता है. ओडिशा सरकार 19 नवंबर 2016 को कोर्ट पहुंचा था और 2017 में यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा. ओडिशा और छत्तीसगढ़ दोनों के बीच विवाद न सुलझने पर केंद्र सरकार ने 12 मार्च 2018 में ट्रिब्यूनल टीम भेजी. तीन सदस्यीय टीम आज सुबह निसदा बांध पहुंची, जहां रायपुर कलेक्टर, एसडीएम, जल संसाधन और ओडीशा के विभागीय अधिकारी मौजूद थे. टीम ने दोनों राज्यों के अधिकारियों का पक्ष सुना. इस दौरान रायपुर जल संसाधन के अधिकारी ने टीम को बताया कि निसदा व समोदा बैराज से आसपास करीब 200 गांवों का जल स्तर बढ़ता है, जिससे यहां गर्मी के दिनों में पानी की किल्लत नहीं होती.

रायपुर के अधिकारी ने बताया, आरंग और महासमुंद वासियों को महानदी जलावर्धन योजना से पानी की सप्लाई की जाती है. साथ ही महानदी से लगे औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी के 60 से अधिक फैक्ट्रियों को भी यहां से पानी की सप्लाई होती है. महानदी से प्रतिदिन इन उद्योगों को 5 लाख लीटर पानी दिया जाता है. टीम ने निसदा बांध का निरीक्षण किया और वे समोदा बैराज के लिए रवाना हो गए.

### अतीक हत्याकांड में बड़ा खुलासा

**लखनऊ,22 अप्रैल।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

अब इस मामले में एक बड़ा खुलासा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस दौरान तीनों शूटर वारदात को अंजाम दे रहे थे। उस वक्त वहां पर दो और लोग मौजूद थे जो उन्हें लगातार इंस्ट्रक्शन दे रहे थे। मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी दोनों की तलाश शुरु कर दी है।

## केरल में पीएम मोदी पर आत्मघाती हमले की धमकी

**त्रिवेंद्रम,22 अप्रैल।** केरल भाजपा प्रमुख के सुरेंद्रन ने सोमवार से दो दिवसीय केरल दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर घातक हमले की चेतावनी वाला एक धमकी भरा पत्र मिलने का दावा किया है। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने सोमवार से शुरू हो रही दो दिवसीय केरल यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आत्मघाती बम हमला करने की धमकी भरे पत्र की जांच शुरू कर दी है। कोच्चि के एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से मलयालम में लिखा गया पत्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन के कार्यालय में प्राप्त हुआ, जिन्होंने पिछले सप्ताह इसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने एन के जॉनी नाम के एक व्यक्ति का पता लगाया, जिसका पता पत्र में था। पत्र में कहा गया था कि मोदी को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जैसी स्थिति का सामना करना पड़ेगा। कोच्चि के मूल निवासी जॉनी ने पत्र लिखे जाने से इनकार किया, लेकिन आरोप लगाया कि हत्या की धमकी के पीछे एक व्यक्ति हो सकता है, जो उसके खिलाफ द्वेष रखता है। जॉनी ने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस उनके घर आई थी और पत्र के बारे में पूछताछ की थी। पुलिस ने मेरी लिखावट से पत्र का मिलान किया है। वे आश्वस्त हैं कि पत्र के पीछे मैं नहीं था। हो सकता है कि धमकी के पीछे कोई ऐसा व्यक्ति हो जो मुझसे द्वेष रखता हो। मैंने उन लोगों के नाम साझा किए हैं जिन पर मुझे शक है।



इस बीच, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने प्रधानमंत्री की यात्रा से संबंधित वीवीआईपी सुरक्षा योजना को लीक करने के लिए राज्य पुलिस की आलोचना की है। धार्मिक चरमपंथी संगठन केरल में बहुत मजबूत और सक्रिय हैं। राज्य के खुफिया प्रमुख की रिपोर्ट मीडिया में लीक हो गई है। इसमें प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया , पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और माओवादियों सहित कई संगठनों का संदर्भ है। लेकिन राज्य सरकार इन संगठनों को बचा रही है।

### बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ा

**रायपुर 22 अप्रैल ।** राज्य में बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता 4 फीसदी बढ़ा दी गयी है। इस बाबत छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने आदेश जारी कर दिया है। 1 जनवरी 2023 से राज्य के बिजली कर्मियों का महंगाई भत्ता 38 फीसदी से बढ़ाकर 42 फीसदी हो जायेगा।

## चाकू मारकर ऑटो चालक की हत्या

**धमतरी,22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के धमतरी में शुक्रवार की रात एक ऑटो चालक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. हत्या का कारण पुरानी रंजिश बताई जा रही है. मृतक योगेश नेताम ऑटो चालक था और उसका मोहल्ले के कुछ युवकों से रंजिश थी. पहले भी इन दोनों के बीच मारपीट हो चुकी थी, लेकिन शुक्रवार की रात 9 बजे फिर से दोनों पक्षो के बीच विवाद हुआ और 10-15 युवकों ने योगेश पर हथियार से हमला कर दिया. योगेश नेताम को फौरन स्थानीय अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी जान नही बचाई जा सकी. एएसपी मेघा टेम्भूरकर ने बताया, शहर के मकेश्वर वार्ड ऑडिटोरियम के पीछे रहने वाला युवक योगेश नेताम का किसी बात को लेकर किसी कुख्यात बदमाश के साथ विवाद हो गया. महिमा सागर वार्ड स्थित मैला गड्ढा शराब दुकान के पास हुए विवाद के बाद यह बात इतनी ज्यादा बढ़ गई कि उनमें हाथापाई हो गई. इसके बाद किसी तरह युवक योगेश नेताम वहां से निकल गया. उसके पीछे युवकों की टोली पीछा करते हुए आ गई और कारगिल उद्यान के पास योगेश को घेर लिया. इसके बाद युवकों ने अपने पास रखे धारदार हथियार बटंची चाकू आदि से उस पर ताबड़तोड़ वार शुरू कर दिया. हमले से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. लोगों की मदद से तत्काल उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए बठेना अस्पताल रेफर कर दिया गया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है. फिलहाल पुलिस आरोपियों की पता तलाश कर रही है.

## पक्षकार अपनी मनचाही दलील के साथ अदालत में नहीं आ सकते : सुको

**नई दिल्ली,22 अप्रैल**

उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका को 25,000 रुपये के जुर्माने के साथ खारिज कर दिया, जिसमें महात्मा गांधी की हत्या में भूमिका के लिए नवंबर 1949 में फांसी पर लटकाए गए नारायण डी आप्टे के एक रिश्तेदार को सार्वजनिक माफी जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में एक कानून की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी गई है, जिसने एक विशेष न्यायाधीश को एक अभियुक्त को क्षमादान देने के लिए कार्योत्तर शक्तियां प्रदान की थीं, जिसमें कहा गया था कि गांधी हत्याकांड में विनायक दामोदर सावरकर को गलत तरीके से फंसाने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया था।

पीठ ने अभिनव भारत कांग्रेस द्वारा इसके संस्थापक अध्यक्ष पंकज के फडनीस के माध्यम से दायर याचिका में की गई प्रार्थनाओं में से एक का भी उल्लेख किया, जिसमें कहा गया था कि सावरकर के साथ हुए अन्याय का आंशिक प्रायश्चित रने के लिए केंद्र को एक अधिकार प्राप्त समिति बनाने का निर्देश दिया जा सकता है। 1944 में सावरकर द्वारा परिकल्पित स्नातकोत्तर अध्ययन करने के लिए मेधावी छात्रों को विदेशी छात्रवृत्ति देने के लिए प्रतिष्ठित व्यक्तियों की। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से कहा कि मुझे लगता है कि हमें इस पर लागत लगानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा, आप इस तरह से हमारा समय बर्बाद नहीं कर सकते हैं। बिना किसी चीज के इस अदालत में चलने की आदत ... .हम इसकी अनुमति नहीं देंगे। वकील ने कहा कि याचिका नाथूराम गोडसे या सावरकर के लिए नहीं है और यह केवल आप्टे के लिए है। पीठ ने वकीलों के कल्याण कोष में 25,000 रुपये के जुर्माने के साथ याचिका खारिज कर दी। याचिका में बॉम्बे पब्लिक सिक्योरिटी मेजर्स (दिल्ली संशोधन) अधिनियम, 1948 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी, जिसने 1947 के बॉम्बे अधिनियम 6 की धारा 13 में उप-धारा 2 (ए) को पेश करके संशोधन किया था।



रायपुर। ईद के अवसर पर आज राजधानी के ईदगाह मैदान में मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा की।

## गवर्नर रहते चुप क्यों थे : शाह

**नई दिल्ली,22 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने हाल के दिनों में लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ गंभीर आरोप लगा रहे हैं। इसके बाद देश की सियासत में नया बवाल खड़ा हो चुका है। हालांकि, गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व गवर्नर पर सवाल उठाया है। शाह ने उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनको यह बताना चाहिए कि हमारा साथ छोड़ने के बाद ही उन्होंने ये सारे ख्याल क्यों आ रहे हैं। अमित शाह ने पूछा कि आखिर लोगों को अंतरआत्मा की आवाज तब क्यों नहीं सुनाई देती है, जब वे सत्ता में होते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सत्यपाल मलिक को गवर्नर रहते हुए ही ये सारे आरोप लगाने चाहिए थे। जब अमित शाह से यह सवाल पूछा गया कि जब आप उन्हें गवर्नर बना रहे थे, तब ऐसा नहीं लगा कि गलत व्यक्ति को चुन रहे हैं? इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जब राजनाथ सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, उस समय सत्यपाल मलिक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थे। वह लंबे समय से पार्टी में रहे। जब मैं अध्यक्ष था, उस समय भी हमारी टीम थे। अमित शाह ने कहा कि राजनीति में ऐसा होता रहता है। अगर किसी कारण से किसी का मन बदल जाए, उसका हम क्या कर सकते हैं। सत्यपाल मलिक ने कुछ यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने पुलवामा हमले के लिए केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। अक्टूबर 2021 में सत्यपाल मलिक ने सनसनीखेज दावा किया था। इसके मुताबिक उनसे कहा गया था कि अगर वह अपने कार्यकाल के दौरान अंबानी और आरएसएस से जुड़े एक व्यक्ति से संबंधित दो फाइलों को मंजूरी देते हैं तो उन्हें 300 करोड़ रुपये की रिश्वत मिलेगी, लेकिन उन्होंने सौदे रद्द कर दिए।



## महाराष्ट्र का सीएम बनना चाहूंगा : पवार

**मुंबई,22 अप्रैल।** अपने अगले राजनीतिक कदम पर अटकलों के बीच राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत पवार ने कहा कि उनका संगठन 2024 में राज्य में विधानसभा चुनाव होने का इंतजार करने के बजाय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद के लिए अभी भी दावा कर सकती है। विधानसभा में विपक्ष के नेता ने भी एक साक्षात्कारकर्ता से कहा कि वह 100 प्रतिशत महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनना पसंद करेंगे। पुणे में दिलखुलास दादा नामक एक कार्यक्रम में सकाल मीडिया समूह को एक साक्षात्कार में पवार ने कहा कि उन्होंने सुना है कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जून 2022 में शिवसेना नेतृत्व के खिलाफ अपने विद्रोह से पहले नाखुश थे।



पवार ने खुलासा किया कि उनके सहयोगी दिवंगत आरआर पाटिल 2004 में मुख्यमंत्री बनते जब एनसीपी ने अपनी सहयोगी कांग्रेस की तुलना में अधिक विधानसभा सीटें जीतीं, लेकिन दिल्ली से एक संदेश आया कि उनकी पार्टी को डिप्टी सीएम का पद मिलेगा। यह पूछे जाने पर कि क्या राकांपा अगले साल महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होने पर मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करेगी? उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि 2024 ही क्यों, हम अब भी मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश करने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि एनसीपी के वरिष्ठ नेता अजित पवार पार्टी की मुंबई इकाई की एक बैठक में शामिल नहीं हुए, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में उनकी भावी रणनीति को लेकर लगाई जा रही अटकलों का बाजार एक बार फिर गर्म हो गया। इतना ही नहीं, कर्नाटक चुनाव के लिए राकांपा द्वारा जारी पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची से भी अजित पवार का नाम नदारद है।

## बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट बंद होने पर हाईकोर्ट का कड़ा रुख

**बिलासपुर,22 अप्रैल**

बिलासपुर-भोपाल फ्लाइट बंद किए जाने पर हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने कड़ा रुख अपनाया है. कोर्ट ने एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया (एएआई) से पूछा है कि बिलासपुर-भोपाल उड़ान को बंद किए जाने पर अलायंस एयर के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, और अनुबंध की शर्तों को न मानने के खिलाफ कार्रवाई का क्या प्रावधान है. इसके साथ ही अलायंस एयर को अलग से नोटिस जारी किया गया है. मामले की अगली सुनवाई मई के दूसरे सप्ताह में तय की गई है. बिलासपुर-भोपाल और बिलासपुर-इंदौर की फ्लाइट बंद किए जाने को लेकर लगाई गई जनहित याचिका की सुनवाई जस्टिस गौतम भादुड़ी व जस्टिस पी सैम कोशी की डिवीजन बेंच में हुई. एएआई की ओर से प्रस्तुत जवाब में यह बताया गया कि बिलासपुर-भोपाल उड़ान को बंद कर बिलासपुर-इंदौर उड़ान शुरू तो की गई थी, परंतु उसे उड़ान योजना का दर्जा नहीं दिया गया था, इसलिए उसमे वीजीएफ सब्सिडी नहीं दी गई. विमान सेवा को बंद करना अलायंस एयर का व्यावसायिक निर्णय है. हालांकि, एएआई ने स्वीकार किया कि बिलासपुर-भोपाल उड़ान बंद करना सही नहीं है, और उसे नोटिस देने की तैयारी चल रही है. सुनवाई में सेना के कब्जे वाली 1012 एकड़ जमीन की वापसी का मामला भी उठा. खंडपीठ ने पूछा कि यदि केंद्र और राज्य दोनों सैद्धांतिक रूप से जमीन वापसी के लिए सहमत हो चुके हैं तो इस पर समयबद्ध कार्यक्रम होना चाहिए. खंडपीठ ने पारित आदेश में इसके लिए 45 दिन का समय देते हुए कहा कि जनहित के कार्य के लिए यथाशीघ्र ठोस कदम उठाये जाने चाहिए. सभी पक्षों को सुन कर खंडपीठ ने पूरी 1012 एकड़ जमीन एक बार में ही वापस लेने के प्रस्ताव को उचित माना.

समाचार संक्षेप

## रांग साइड चल रहे बुजुर्ग को ट्रक ने ठोंका,पथराव

**भिलाई,22 अप्रैल।** पावर हाउस के धन्नू बैंड पार्टी के सामने एक सड़क हादसा हुआ जिसमें रांग साइड चल रहे एक स्कूटी सवार बुजुर्ग को ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया हादसे में बुजुर्ग के पैर पर ट्रक का एक चक्का चढ़ गया और वो गंभीर रूप से घायल हो गया घटना के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रक पर पथराव कर दिया इसके चलते रोड पर करीब आधे घंटे तक जाम लग गया ट्रक के पीछे एक एंबुलेंस भी मरीज को लेकर रायपुर की तरफ जा रही थी। जाम में एंबुलेंस भी फंसी रही छावनी पुलिस को इसकी जानकारी मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पतालपहुंचाया और जाम खुलवाया जानकारी के अनुसार घटना हुई है क्वाटर नंबर 8ए सड़क-7 सेक्टर- 1 निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी सुनील दग ( 62 ) अपनी स्कूटी से पावर हाउस से न्यू वसंत टाकीज की ओर रांग साइड जा रहा था। रायपुर की और जा रहे ट्रक क्रमांक एमएच 34 बीएस 7705 के सामने आने से स्कूटी सवार बुजुर्ग का नियंत्रण बिगड़ा और वो ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक का एक चक्का बुजुर्ग के पैर पर चढ़ गया घटना के बाद कुछ लोग वहां पर जमा हो गए और ट्रक पर पथराव कर दिया। पथराव में ट्रक के सामने का कांच भी टूट गया। खतरा महसूस होते ही ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया। इसके चलते नेशनल हाईवे पर करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। सूचना मिलते ही छावनी पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही पथराव करने वाले लोग वहां से भाग गए। इसके बाद पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया और जाम को खुलवाया घायल बुजुर्ग को अस्पताल में किया गया भर्ती, पावर हाउस की घटना लगे जाम में एंबुलेंस भी फंसी, करीब आधे घंटे तक लगा रहा जाम।

### नौकरी लगाने के नाम पर 7 लाख की ठगी

**भिलाई,22 अप्रैल।** भिलाई बैंक व निगम में नौकरी लगवाने के नाम पर चरोदा बस्ती की नौ महिलाओं से सात लाख 80 हजार रुपये की ठगी करने वाले दो आरोपितों के खिलाफ पुरानी भिलाई पुलिस ने धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की है। आरोपितों ने जनवरी 2021 में सभी महिलाओं से रुपये लिए थे। नौकरी न लगने पर जब महिलाओं ने अपने अपने रुपये मांगे तो आरोपितों ने उन्हें ही झूठे केस में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। इसके बाद महिलाओं ने पुलिस से शिकायत की। जिसके आधार पर दोनों आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत प्राथमिकी की गई है भिलाई तीन टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि चरोदा बस्ती निवासी पार्वती कोसरे, दानेश्वरी कोसरे, साधना मांडले, मंजू बंजारे, चंद्रप्रभा बंजारे, गंगोत्री बघेल, गौरी सोलंकी, मीना सोलंकी और सोनू सोलंकी की शिकायत पर विपिन माने और जोसना माने के खिलाफ प्राथमिकी की गई है टीआई ने बताया कि दोनों आरोपित और सभी पीड़ित महिलाएं एक ही मोहल्ले में रहती हैं। आसपास रहने के कारण आरोपितों से उनकी अच्छी पहचान हो गई थी आरोपितों ने दावा किया था उनकी बैंक और निगम के अधिकारियों से अच्छी जान पहचान है जिसके दम पर वे उनकी नौकरी लगवा सकते हैं आरोपितों के झांसे में आकर महिलाओं ने नौकरी लगवाने के लिए आरोपितों को रुपये दिए। आरोपितों ने पार्वती कोसरे से तीन लाख, दानेश्वरी कोसरे से 50 हजार, साधना मांडले से 50 हजार, मंजू बंजारे से 80 हजार, चंद्रप्रभा बंजारे से 30 हजार, गंगोत्री बघेल से एक लाख, गौरी सोलंकी से 60 हजार, सोनू सोलंकी से 50 हजार और मीना सोलंकी से 60 हजार रुपये लिए थे। रुपये देने के बाद भी जब किसी भी महिला की नौकरी नहीं लगी तो उन्होंने आरोपितों से इस बारे में बात की और अपने रुपये वापस मांगे, लेकिन आरोपितों ने रुपये लौटाने के बजाए उल्टे धमकाना शुरू कर दिया दुर्ग जिले में लगातार ठगी के अपराध बढ़ रहे हैं पुलिस के जागरूकता के बाद भी ठगी की शिकार हो रहे हैं गिरोह आसानी से लोगों से पैसा वसूल कर लेती है दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव ने आम जनता से अपील की है कि फेसबुक नौकरी लगाने के नाम से किसी अनजान व्यक्ति को पैसा नहीं देना है।

### सड़क घेरकर विज्ञापन लगाने वालों के बोर्ड को किया गया जब्त



**भिलाई, 22 अप्रैल।** नगर पालिक निगम जोन 3 मदर टेरेसा नगर जोन क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण को लेकर कार्रवाई की गई। पावर हाउस रेलवे स्टेशन के सामने अनाधिकृत रूप से बोर्ड एवं पोस्टर लगाकर सड़क बाधा करते हुए दुकान संचालित करने पर 4 विज्ञापन बोर्ड को जब्त किया गया। यहां के पूरे मार्केट क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया तथा व्यवसायियों को नाली के ऊपर किए गए अवैध निर्माण तथा अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी गई। सस्ता मार्केट पावर हाउस के अवैध कब्जा धारियों को भी अवैध कब्जा छोड़ने की समझाइश इस दौरान दी गई। आज की कार्यवाही के दौरान जोन क्रमांक 3 के सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, बालकृष्ण नायडू, सुनील नेमाड़े, रोहित यादव, रामसाय पारकर, केशव सांस, कन्हैया यादव, मंगल प्रसाद, राजेंद्र कुमार, खेमलाल यादव तथा पुलिस बल सहित अन्य मौजूद रहे।

### जैन ट्रस्ट भिलाई के अरविन्द जैन बने अध्यक्ष

**भिलाई, 22 अप्रैल।** जैन ट्रस्ट भिलाई के नए प्रबंध कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष अरविंद जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एमसी जैन, उपाध्यक्ष शैलेश भाई



शाह, मंत्री निर्मल जैन कोचर, उप मंत्री प्रदीप जैन बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष महावीर प्रकाश निगोतिया, प्रबंधक ट्रस्टी मुकेश जैन, दिगंबर जैन ट्रस्ट प्रतिनिधि प्रभात जैन, श्वेतांबर जैन ट्रस्टी सदस्य बाबूलाल सेठिया सर्वसम्मति से चयनित हुए। इस अवसर पर जैन ट्रस्ट के प्रमुख जिसमें भंवरलाल पोरवाल, महावीर बेगानी, डॉक्टर सुधीर गांगेय, शांतिलाल टाटिया, प्रेमेंद्र जैन, जैन मिलन ट्रस्ट प्रतिनिधि संदीप जैन एवं ओसवाल उपस्थित थे। अरविंद जैन को जैन ट्रस्ट का अध्यक्ष चयनित होने पर सभी नए प्रबंध कार्यकारिणी समिति के पदाधिकारियों को जैन ट्रस्ट सदस्यों ने बधाइयां देते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमसी जैन ने किया।

### पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के संघर्षमय जीवन ने करोड़ों युवाओं को दी प्रेरणा :जमील

**भिलाई, 22 अप्रैल।** भारतरत्न लोकनायक जयप्रकाश नारायण स्मारक प्रतिष्ठान और आचार्य नरेंद्र देव जन अधिकार अभियान समिति की ओर से देश के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की जयंती का आयोजन



एचएससीएल कालोनी रुआबांधा में किया गया। उपस्थित लोगों ने स्व चंद्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि एडवोकेट जमील अहमद ने इस अवसर पर कहा कि चंद्रशेखर ने अपने जीवन का सफर शून्य से शिखर तक तय किया। उनके संघर्षमय जीवन ने करोड़ों युवाओं को प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि राजनीति और सामाजिक कार्यों में समन्वय का नाम ही चंद्रशेखर रहा है। अध्यक्षीय उद्बोधन में संयोजक एवं समिति के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने कहा कि चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी को देश के हालात और आगामी राजनीतिक संकट के बारे में पहले ही चेतावनी दे दी थी और इसके दुष्परिणाम के संबंध में आशंका भी जाहिर कर दी थी। उन्होंने कहा कि देश में भय का वातावरण निर्मित हो गया है,, यह सभी राजनीतिक दलों के लिए चिंता का विषय है। सभा को संगीता सिंह, सहदेव देशमुख और ओमप्रकाश सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संतोष सिंह, धीरेंद्र कुमार, मिश्रीराम रजक, एलके वर्मा, कुलदीप सिंह, मोहम्मद फारुख, अरुण उमरेडकर, सुनील पांडेय, अरविंद सिंह, तरुण सरकार, अजय रामपाल और जयराम पासी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# सेक्टर 8 में बनेगा सर्वसुविधायुक्त बैडमिंटन कोर्ट

- सेक्टर 6 में 10 लाख की लागत से बनाई जाएगी सीमेंटीकरण सड़क
- विधायक देवेंद्र यादव ने दी सेक्टर 8 और सेक्टर 6 के लोगों को सौगात
- वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों से किया गया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 22 अप्रैल।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र के सेक्टर 8 वार्ड 68 और सेक्टर 6 वार्ड 63 के नागरिकों को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने बड़ी सौगात दी है। विधायक श्री यादव की पहल से सेक्टर 8 वार्ड 68 में 10 लाख की लागत से सर्व सुविधा युक्त बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार सेक्टर 6 वार्ड 63 में सड़क सीमेंटीकरण किया जाएगा। जिसका आज भूमिपूजन किया गया।भूमिपूजन कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान वार्ड के जनप्रतिनिधि सहित सैकड़ों की संख्या में लोग भी उपस्थित रहे। पंडित ने मंत्रोंचार कर विधि विधान के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम करवाया। इसके बाद वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कुदाली चलाकर वरिष्ठ जनों ने भूमिपूजन किया। इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि कुछ दिनों पहले ही जब वे वार्ड 68 सेक्टर 8 भेंटमुलाकात करने के लिए आए थे। तब जनता ने उनसे बैडमिंटन कोर्ट की मांग की थी। जनता की मांग पर पहली की और आज बैडमिंटन कार्ट का भूमिपूजन किया गया। जल्द ही निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

### सेक्टर 6 में 10 लाख की लागत से बनेगा सड़क

सेक्टर 6 में पॉवर जिंम के बाजू में सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भी भिलाईनगर विधायक जब भेंट मूलाकात में सेक्टर 6 आए थे। तब लोगों की मांग पर विधायक श्री यादव ने सड़क को देखा और इस सड़क को बनाने के लिए सीमेंटीकरण करने के लिए घोषणा की। घोषणा के साथ ही सड़क का भूमिपूजन किया जाएगा।

### अधेड़ की मौत

**भिलाई,22 अप्रैल।** भिलाई खुर्सीपार गेट पर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अधेड़ को अपनी चपेट में ले लिया हादसे में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई खुर्सीपार पुलिस ने प्राथमिकी कर जांच शुरू की है। पुलिस ने बताया कि बजरंग पारा भिलाई- 3 निवासी सुरेश देवांगन (50) को गुरुवार की रात करीब 11-25 बजे खुर्सीपार गेट पर एक अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण सुरेश देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई रात में इसकी जानकारी मिलने पर खुर्सीपार पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को चीरघर में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है आरोपित वाहन चालक की जानकारी नहीं मिल सकी है ।

## जैविक खाद लेना अनिवार्य कर किसानों को परेशान कर रही है कांग्रेस सरकार:हर्षा लोकमणी चंद्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 22 अप्रैल।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा चन्द्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा की आगामी फ़सल के लिए किसान अब बीज खाद का उठाव सहकारी समितियों से प्रारम्भ कर दिया है अन्य रासायनिक खाद के साथ राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा सोसायटी के माध्यम से किसानों को जैविक खाद लेना अनिवार्य कर दिया गया है जबकि किसान अभी तक जैविक खाद मे आत्म निर्भर नही बन पाया है निर्भर नही बन पाने का कारण यह भी है कि गोबर एवं अन्य सामग्री से मिलकर बनने वाले जैविक खाद मे वह गुणवत्ता नही आ पाई है राज्य सरकार अब जैविक खाद को अनिवार्य कर किसानो के उपर एक प्रकार का जुल्म कर रही है एक हजार मूल्य की जैविक खाद के बोरी मे मानक का पता नही किसान को राज्य सरकार के आदेश से आर्थिक रूप से दोहरा बोझ का सामना करना पड़ रहा है जिससे किसान परेशान है पर किसान हितैसी का ढोंग रचने वाली सरकार को किसानो की जरा भी चिंता नही है। जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणि चंद्राकर ने किसानो से चर्चा के बाद बताया कि किसान का कहना है कि जैविक खाद मे हमे पूर्ण गुणवत्ता मिल जाये तो रासायनिक खाद लेने की आवश्यकता नही होनी चाहिए किसानो को रासायनिक के साथ साथ जैविक खाद लेने से खर्च बढ़ जाता है उपर से गुणवत्ता के अभाव मे जैविक खाद उपयोग करने से अन्य कई प्रकार के बीमारी के अलावा खेतो मे कचरा पैदा हो जाते है जिससे निदाई के लिए खर्च भी बढ़ जाता है इस तरह प्रदेश सरकार गुणवत्ता विहीन जैविक खाद को लेने के अनिवार्य करना गलत है।

श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि सबसे बड़ी परेशानी किसानो को है की सभी ग्रामो मे गौठान नही है जिससे किसानो को सहकारी समिति मे रासायनिक खाद लेने के बाद अन्य ग्राम मे जैविक खाद लेने जाना पड़ता है जिसमे अतिरिक्त समय एवं पैसे की जरूरत पड़ती है उन्होंने कहा कि सरकार की किसानो के प्रति जबरदस्ती के कार्य पर जल्द ही रोक लगनी चाहिए,,श्रीमती चंद्राकर ने कहा की सरकार अपनी इस तुगलकी फरमान को तत्काल वापस ले अन्यथा जल्द ही इस मामले मे किसान जागरण अभियान चलाया जावेगा।

### महानदी जल बंटवारे को लेकर न्यायाधीशों ने किया दौरा

**दुर्ग, 22 अप्रैल।** छ.ग. राज्य एवं उड़ीसा राज्य के मध्य महानदी जल बटवारे को लेकर चल रहे न्यायालयीन प्रकरण के अंतर्गत गठित महानदी जल विवाद अभिकरण के अध्यक्ष जस्टिस श्री ए.एम. खानविलकर एवं सदस्य जस्टिस श्री रवि रंजन, जस्टिस श्रीमती इन्द्रमीत कौर, जस्टिस श्री ए.के. पाठक का ने प्रथम चरण का आज धमधा विकासखण्ड के ग्राम टेमरी का दौरा किया। साथ ही न्यायाधीशों द्वारा टेमरी लघु सिंचाई योजना का निरीक्षण भी किया।इस अवसर पर छ.ग. राज्य के जल संसाधन विभाग के सचिव अनबलगन पी., कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, प्रमुख अभियंता इन्द्रजीत उईके, जल संसाधन राकेश नगरिया, मुख्य अभियंता महानदी जलाशय परियोजना श्री समीर जार्ज, मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार रायपुर दिनेश कुमार भगोरिया, दुर्ग जिले के अन्य विभागो के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे ।

## दानवीर भामाशाह सेना पाटन के तत्वावधान में घुघुवा करसा में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 22 अप्रैल।** पाटन विधानसभा अंतर्गत आने वाले ग्राम घुघुवा (करसा) आज दानवीर भामाशाह सेना पाटन के तत्वधान में भामाशाह की जयंती समारोह का आयोजन किया गया है आप तो बता दें दानवीर भामाशाह पाटन का गठन जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयोग करने के लिए बनाई गई इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आज भामाशाह जयंती के शुभ अवसर पर यशोमती पिता दूज राम साहू घूघुवा निवासी को आर्थिक रूप से सहयोग किया गया।कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा दानवीर भामाशाह सेना के विचारों को संघर्षों को उनके द्वारा किए गए दान को बताते हुए भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डाला गया। महाराणा प्रताप और भामाशाह के मित्रता को याद किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रिका साहू रही कार्यक्रम की अध्यक्षता दानवीर भामाशाह पाटन के अध्यक्ष मोरध्वज साहू रहे विशेष अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत घुघुवाघ के सरपंच लोकेश साहू , पूर्व सरपंच हेमलता साहू, प्रेमलता साहू रहे। कार्यक्रम के संचालन उपाध्यक्ष दिनेश साहू ने किया आभार प्रदर्शन भामाशाह सेना के प्रवक्ता गिरीश साहू ने कियाइस अवसर पर दिलीप साहू जी संगठन मंत्री, दुर्वासा साहू जी संगठन संयोजक, श्री मनोज साहू जी कोषाध्यक्ष सहित, श्री राम साहू मोती राम साहू , घनश्याम ठाकुर, शोभित यादव, भगवानी साहू , गोवर्धन साहू ,मालती साहू , रामेश्वरी साहू छत्तीसगढ़ 24 न्यूज़ के संपादक संतोष देवांगन जी, मीडिया प्रभारी करण साहू जी सहित ग्राम वासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### तहसील साहू संघ ने मनाया मंडी अध्यक्ष नीलकंठ का जन्मदिन

**कवर्धा।** तहसील संघ बोड़ला के सदस्यो ने कृषि मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू को फूल की माला पहनाकर और उपहार भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी ।

### सीसल शिल्प प्रशिक्षण का समापन

**भिलाई, 22 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के सहयोग से नारी सशक्तिकरण के तहत आयोजित त्रैमासिक सीसल शिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह गत दिवस संपन्न हुआ। सीसल शिल्प प्रशिक्षण शिविर में 25 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। आज सीसल शिल्पकला से महिलाएं बैग, मिरर, शोकेस, कछुआ, भगवान कृष्ण, हैण्ड पर्स, फैंसी चप्पल आदि विविध सामग्री बनाने तथा रोजगार सृजन करने में सक्षम हो रही हैं। समापन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ अन्नपूर्णी उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि आज नारियों का आत्मनिर्भर बनना अत्यंत आवश्यक है। ताकि इस आर्थिक समृद्धि से, देश के विकास में हम सब भागीदार बनें। प्रशिक्षणार्थी महिलाएँ सीसल शिल्प के हुनर से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी और साथ ही परिवार की आमदनी में सहयोग करेंगी। यह नारी सशक्तिकरण के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा उठाया गया नेक कदम है। उन्होंने बताया कि मरोदा श्रमिक बस्ती की 25 महिलाओं ने 3 माह तक प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिन्हें प्रतिमाह 3000 रुपये मानदेय भी दिया गया। आज ये सभी महिलाएं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड से पंजीबद्ध भी हो गई हैं। अध्यक्षता महाप्रबंधक शिवराजन नायर ने किया। उन्होंने कहा कि सेल हमेशा से सीएसआर के माध्यम से लोगों के सुख दुख में भागीदार रहा है।

## निगम एवं बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों की हुई महत्वपूर्ण बैठक



**भिलाई, 22 अप्रैल।** बीएसपी क्षेत्र तथा नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए बीएसपी प्रबंधन एवं नगर पालिक निगम भिलाई के मध्य कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा के निर्देश पर गुरुवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में निगम आयुक्त रोहित व्यास, अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी तथा नगर पालिक निगम भिलाई के अन्य अधिकारी व बीएसपी प्रबंधन से ई. डी. पी एंड ए एवं प्रोजेक्ट मुखोपाध्याय, सीजीएम जे वाय सबकले व अन्य अधिकारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महत्वपूर्ण बैठक में बीएसपी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था जब तक निविदा प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती है तब तक गार्बेज पॉइंट आदि को हटाने की वैकल्पिक व्यवस्था बीएसपी के द्वारा अपनाई जाएगी। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए बोर्ड को बीएसपी प्रस्ताव भेजेगा। 1 महीने के भीतर निगम के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र को बीएसपी के द्वारा क्लियर किए जाने पर सहमति दी गई है। टाउनशिप में लगे विज्ञापन तथा होर्डिंग के प्रकाशन शुल्क को बीएसपी द्वारा निगम को देने पर सहमति जताई गई है। जिला अस्पताल के लिए तीन दिवस के भीतर सीएसआर मद की बड़ी राशि बीएसपी द्वारा दी जाएगी। सिविक सेंटर में पार्किंग शेड के लिए बीएसपी लोहा भी प्रदान करेगा इस पर भी सहमति व्यक्त की गई है। बीएसपी क्षेत्र में प्रगतिरत सड़कों का डामरीकरण 1 सप्ताह के भीतर पूरा करने पर सहमति व्यक्त की गई है तथा इसके शेष कार्यों में भी प्रगति लाई जाएगी। बीएसपी क्षेत्र में जहां भी स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता है तथा जिन एरिया में अंधेरा है ऐसे स्थानों पर 15 दिवस के भीतर स्ट्रीट लाइट्स लगाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। सबसे महत्वपूर्ण विषय के तहत नियमितीकरण के लिए बीएसपी द्वारा विधिक अभिमत ली जाएगी। कैंप क्षेत्र में रिक्त स्कूल परिसर में एसएलआरएम सेंटर के निर्माण के लिए बीएसपी भूमि उपलब्ध कराएगा इसके अलावा गौठान के लिए भी बीएसपी भूमि उपलब्ध कराएगा इस पर भी सहमति व्यक्त की गई है। बीएसपी क्षेत्र के टाउनशिप में स्थित झुग्गी, झोपड़ी में निवासरत परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भवन निर्माण हेतु बीएसपी द्वारा बोर्ड को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बीएसपी द्वारा लीज पर आबंटित भवन का पंजीयन अब जिला पंजीयन कार्यालय से कराए जाने की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इसके अलावा भी अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों पर बैठक में सकारात्मक चर्चा की गई।

### मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से सतीश साहू का सपना हुआ पूरा

**दुर्ग, 22 अप्रैल ।** गांव के व्यक्ति सोचते है कि शहर में जाकर कुछ बिजनेस करें, लेकिन शहर में बिजनेस के लिए बहुत बड़ी रकम की आवश्यकता पड़ती हैं। शहर में इतनी ज्यादा दुकाने है कि वहां जाकर नया बिजनेस शुरू करना व चलाना इतना आसान नहीं होगा। आज के समय में हर व्यक्ति चाहता है कि अपना खुद का बिजनेस हो, चाहे वह छोटा सा दुकान क्यो न हो। ऐसी ही एक कहानी है ग्राम गनियारी के श्री सतीश साहू की। श्री सतीश साहू का सपना था कि उनका खुद का दुकान हो और इसी सपने को पूरा करने के लिए उनके परिचित ने उन्हें जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से संपर्क करने की सलाह दी।

## साक्षरता तथा सम्राट चौक के सौंदर्यीकरण की तैयारियों का महापौर व निगम आयुक्त ने लिया जायजा



**भिलाई, 22 अप्रैल।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत लगातार विकास तथा सौंदर्यीकरण के कार्य हो रहे हैं। चौक-चौराहों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। हाल ही में सुपेला चौक के सात अजूबा तथा सिविक सेंटर के अर्जुन रथ परिसर का सौंदर्यीकरण किया गया है। धरोहर को सहेजने का काम भिलाई निगम के द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के मुख्य स्थानों पर वर्टिकल गार्डन भी बनाए जा रहे हैं। विकास की इसी दिशा में साक्षरता चौक और सम्राट अशोक चौक जोकि नेशनल हाईवे के किनारे से लगा हुआ है इसके भी सौंदर्यीकरण करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए महापौर नीरज पाल तथा निगम आयुक्त रोहित व्यास ने स्पॉट निरीक्षण कर जायजा लिया। किस प्रकार से इस चौक का कायाकल्प किया जा सकता है इसको लेकर अधिकारियों के साथ प्लानिंग की। बता दें कि तीन दर्शन मंदिर के समीप स्थित साक्षरता चौक और डबरा पारा में स्थित सम्राट अशोक चौक प्रमुख चौक में आता है, इसकी खूबसूरती तथा रौनक को कैसे लौटाई जा सकती है इस पर आज महापौर एवं आयुक्त ने अधिकारियों के साथ मौके पर लंबी चर्चा की। चर्चा के अनुरूप अधिकारियों के द्वारा इसकी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रमुख रूप से शिवाजी नगर के जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, मदर टेरेसा नगर के जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा, शिवाजी नगर खुर्सीपार के जोन आयुक्त येशा लहरें, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े, सहायक अभियंता अनिल सिंह तथा उप अभियंता अर्पित बंजारे आदि मौके पर मौजूद रहे।

### प्राचार्यों से महापौर निर्मल कोसरे ने कहा विद्यार्थियों को करें आकर्षित



**भिलाई, 22 अप्रैल।** भिलाई-चरोदा निगम सभागार में महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त अजय त्रिपाठी की उपस्थिति में संपूर्ण निगम क्षेत्र के सभी विद्यालय के प्राचार्यो की बैठक संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य स्कूल बिल्डिंग का संधारण, नवीनीकरण एवं रख रखाव था। बता दें कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूरे प्रदेश के शाला भवनों के नवीनीकरण सहित संधारण हेतु मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत राशि जारी की गई है। जिससे प्राप्त राशि की सहायता से पुराने शाला भवनों की मरम्मत किया जाना है। निगम भिलाई-चरोदा अंतर्गत 33 स्कूलों हेतु प्रथम चरण में निविदा आमंत्रित की गई थी। सभी का कार्यादेश जारी कर कार्य प्रारंभ करने ठेकेदारों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मीटिंग के दौरान संस्था प्रमुखों ने बताया कि सात स्कूल में कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस दौरान महापौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप शाला प्रवेशोत्सव के समय जून में सभी विद्यालय विद्यार्थियों को आकर्षित करना चाहिए। इसके साथ ही निगम आयुक्त ने विद्यालय में अन्य किसी भी समस्या के संबंध में तुरंत पत्र के माध्यम से मांग प्रस्तुत करने की बात विद्यालय के प्रतिनिधियों से कही। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे सहित महिला बाल विकास विभाग की प्रभारी दिप्ती आशीष वर्मा, राजस्व विभाग के प्रभारी मोहन साहू, स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर, सहायक लेखाधिकारी आरके देवांगन मौजूद रहे।



प्रभु राम के ननिहाल में स्थित
कौशल्या माता मंदिर का जीर्णोद्धार कर
विश्वपटल पर स्थापित कर मातृ शक्ति को समर्पित



# माता कौशल्या महोत्सव-2023

22-24 अप्रैल 2023, चंदखुरी-रायपुर

भक्ति, आस्था और अध्यात्म
महोत्सव के

## उद्घाटन समारोह

22 अप्रैल 2023, शाम 5 बजे, चंदखुरी-रायपुर

में आप सभी सादर आमंत्रित हैं

- भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़




## सांस्कृतिक कार्यक्रम

**22 अप्रैल, शाम 5 बजे**

माधुरी महिला मानस मंडली, गरियाबंद
श्रीमती पुष्पांजलि सिन्हा

राम की शक्ति पूजा
श्री व्योमेश शुक्ला, वाराणसी

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
सुश्री कविता पौडवाल, मुम्बई

**23 अप्रैल, शाम 5 बजे**

वीणा वादिनी मानस परिवार, भाटापारा
श्रीमती वीणा साहू

हरिदर्शन मानस मंडली, जांजगीर-चांपा
श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास

ज्ञान गंगा मानस परिवार, दंतेवाड़ा
श्री कुशल सिंह साहू

भक्तिमय शास्त्रीय संगीत नृत्य-नाटिका
सुश्री रमिंदर खुराना, मुंबई

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
श्री प्रभंजय चतुर्वेदी, भिलाई

**24 अप्रैल, शाम 5 बजे**

प्रज्ञा महिला मानस परिवार, कुरुद-सिलियारी
श्रीमती कुमुदिनी चंद्रवंशी

भक्तिमय गीत-संगीत भजन
श्री देवेश शर्मा, रायगढ़

भक्तिमय गीत संगीत भजन
सुश्री तृप्ति शाक्या, मुंबई

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

**संपादकीय**

## मामला पेचीदा था, नहीं बनाया गया

राजनीति में कई बार कोई मामला पेचीदा होता नहीं है, उसे बना दिया जाता है,कई बार मामला बड़ा होता नहीं है, उसे राजनीतिक फायदे के लिए बड़ा बना दिया जाता है। शुरू में तो लगता है कि इससे राजनीतिक फायदा होगा लेकिन बाद में पता चलता है कि इससे राजनीतिक फायदा तो हुआ नहां है, उल्टे मामला पेचीदा हो गया है। राहुल गांधी ने मोदी सरनेम वालों को कुछ अपतमानजनक कह दिया। राजनीति में तो ऐसा होता रहता है कि नेताओं के मुंह से कुछ न चाहकर भी निकल जाता है, ज्यादातर मामले में कोई इसे गंभीरता से नहीं लेता है,कोई मानहनि का केस कर भी देता है तो मामला अदालत में माफी मांगने पर खत्म भी हो जाता है। आप पार्टी के नेता केजरीवाल तो नेताओं के खिलाप अपमानजनक टिप्पणी कर चार बार माफी मांग चुके हैं। राहुल गांधी भी दो बार कुछ गलत कहने पर माफी मांग चुके हैं। इसलिए मोदी सरनेम वाले मामले में राहुल गांधी के लिए माफ मांगना कोई बड़ी बात नही थी। न ही यह राहुल गांधी व कांग्रेस के लिए अपमान जनक था। राजनीति में इगो या अहंकार के लिए कोई जगह नही होती है। मौके पर झुकना पड़ता है तथा मौके पर अकड़ भी दिखानी पड़ती है। राजनीति में न तो हमेशा अकड़ा जा सकता है,न ही हमेशा झुका रहा जा सकता है। अपना बड़ा नुकसान हो रहा है तो राजनीति में मसझदार लोग झुक जाते हैं। माफी मांग लेते हैं। माफी मांग लेने से कोई छोटा नही हो जाता है। राहुल गांधी को पता नहीं किसने माफी न मांगन के लिए उकसाया कि वह माफी मांगने को तैयार ही नहीं हुए। उन्होंने मोदी सरनेम मामले में माफी मांगने से इंकार कर दिया। उन्होंने यह कहकर मामले को और पेचीदा कर दिया कि वह सावरकर नहीं गांधी हैं, गांधी कभी माफी मांगते नहीं है। ऐसा नहीं कहा होता तो माफी मांगन आसान होता , अब राहुल गांधी ने ऐसा कह दिया है तो वह माफी नहीं मांग सकते क्योंकि उनके माफी मांगते ही भाजपा कहेगी कि राहुल गांधी वीर सावरकर के सामने कुछ भी नहीं है। माफी नहीं मांगने की बात कर माफी मांग ली। वीर सावरकर ने तो कभी नहीं कहा था कि वह माफी नहीं मांगेंग, उन्होंने एक रणीति के तहत माफी मांगी थी। ताकि वह बाहर आकर देश के लिए कुछ कर सकें। अब राहुल गांधी को जेल जाने से बचाने के लिए कांग्रेस के लिए जरूरी हो गया है कि वह राहुल गाधी की जमानते दिलाए तथा जेल जाने से बचाए। दो साल की सजा को कम कराने व जमानत के लिए कांग्रेस को अहमदाबाद हाई कोर्ट जाना पड़ेगा। सूरत के कोर्ट में राहुल गांधी के मामले को ठीक से रखा नहीं गया जबकि कांग्रेस मे सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की कमी नहीं है। राहुल गांधी की तरफ से कोर्ट में कहा गया कि राहुल गांधी को जो सजा दी गई है, वह गलत है, इसे खारिज किया जाना चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि राहुल गांधी को बतौर सांसद,कांग्रेस अध्यक्ष कुछ कहते समय ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने नहीं बरती इसलिए उनहें दी गई सजा ठीक है, उसे खारिज नहीं किया जा सकता। राहुल गांधी की तरफ से यह कहा गया कि राहुल गांधी ने कुछ भी गलत नहीं कहा है कोर्ट ने गलत सजा दी है। कोर्ट ने माना राहुल गांधी ने गलती की है, इसलिए उसने सजा रद्द करने से ईंकार कर दिया। पहले कोर्ट के बाद दूसरे कोर्ट ने भी सजा को ठीक माना है। कांग्रेस की तरफ से ऐसा क्यों नहीं किया गया कि राहुल गांधी मोदी सरनेम वालों का अपमान नहीं करना चाहते हैं, वह तो जल्दी जल्दी में मुंह से निकल गया। इसके लिए राहुल गांधी माफी मांगते है। कांग्रेस की तरफ से कह यह जाना था कोर्ट में राहुल गांधी का इरादा मोदी सरनेम वाला को अपमान करने का नहीं था। फिर भी मोदी सरनेम वालों को यह बुरा लगा है तो मैं इसके लिए कोर्ट में माफी मांगता हूं। राहुल गांधी पहले भी माफी मांग सकते थे, अब भी मांग सकते हैं माफी न मांगने मामला और पेचीदा होता जा रहा है तो इसके लिए कांग्रेस नेता दोषी है।

### आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। दूसरे से अधिक अपेक्षा करेंगे। जल्दबाजी से काम न करें। दौड़धूप अधिक रहेगी। कोई सूचना मिल सकती है, धैर्य रखें। चिंता तथा तनाव को हावी न होने दें विजय आपकी ही होगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। स्वास्थ्य लाभ होगा।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी ,वु , वे, वो)**-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। कोई मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। शरीर कष्ट से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। नए मित्र बनेंगे। नया उपक्रम प्रारंभ करने की योजना बन सकती है। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शुभ समय। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-बड़ा काम करने का मन बनेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। लाभ बढ़ेगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। दूर से सुखद सूचना मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय बढ़ेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय सताएगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। बुरे लोगों से दूर रहें।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-नया कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रशंसा प्राप्त होगी। परिवार तथा मित्रों के साथ कोई मनोरंजक यात्रा का आयोजन हो सकता है। रुका हुआ पैसा मिलने का योग है। मित्रों के सहयोग से कार्य पूर्ण होंगे समय अनुकूल है। आलस्य त्यागकर प्रयास करें। नींद पूरी लें।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय भावना में बहकर न करें। बुद्धि का प्रयोग लाभ में वृद्धि करेगा। आय बनी रहेगी। थकान महसूस होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-नौकरी में अधिकारीगण प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। व्यापार में मनोनुकूल लाभ होगा। उत्साह व प्रसन्नता रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभ समय। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। योजना फलीभूत होगी। कारोबार में वृद्धि पर विचार हो सकता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन सहायता प्राप्त होगी। धन प्राप्ति में बाधाएं दूर होंगी। ऐश्वर्य के साधनों पर बड़ा व्यय हो सकता है। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की आयोजना हो सकती है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-मानसिक क्लेश होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में कमी हो सकती है। व्यापार ठीक चलेगा। लोगों से अधिक अपेक्षा न करें। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। लापरवाही न करें। किसी व्यक्ति से व्यर्थ विवाद हो सकता है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। कुसंगति से बचें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। भूमि, भवन, दुकान, शोरूम व फैक्टरी इत्यादि की खरीद-फरोख्त हो सकती है। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ज, दे, दो, चा, ची)**-बाहर जाने की योजना बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग कार्य में आसानी देगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे तथा समस्या बढ़ सकती है। विरोध होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

# मानव जीवन को बचाने पृथ्वी संरक्षण जरूरी

**विश्व पृथ्वी दिवस**

**ललित गर्ग**



पृथ्वी सभी ग्रहों में से अकेला ऐसा ग्रह है जिसपर अभी तक जीवन संभव हैं। मनुष्य होने के नाते, हमें प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने वाली गतिविधियों में सख्ती से शामिल होना चाहिए और पृथ्वी को बचाना चाहिए क्योंकि यदि पृथ्वी रहने के लायक नहीं रही तो मनुष्य का विनाश निश्चित है। प्रदूषण और स्मॉग जैसी समस्याओं से निपटने के लिए पृथ्वी दिवस विश्व भर में मनाया जाता है। वहीं, लोगों को संदेश देने के लिए सरकार द्वारा कुछ बेसिक थीम भी तय किए जाते हैं। हर साल प्रकृति एवं पर्यावरण चुनौतियों को ध्यान में रख कर पृथ्वी दिवस के लिए एक खास थीम रखी जाती है और उस थीम के अनुसार टारगेट अचीव करने का प्रयास किया जाता है। इस बार विश्व पृथ्वी दिवस की थीम 'इन्वेस्ट इन अवर प्लैनेट' है। पृथ्वी दिवस या अर्थ डे जैसे शब्द को दुनिया के सामने लाने वाले सबसे पहले व्यक्ति थे- जूलियन कोनिग। दरअसल, उनका जन्मदिन 22 अप्रैल को होता था। इसी वजह से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आंदोलन की शुरुआत भी उन्होंने इसी दिन की और इसे अर्थ डे का नाम दे दिया।

इस वर्ष पृथ्वी दिवस हमें हरित समृद्धि से समृद्ध जीवन बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह थीम संदेश देती है कि हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन् 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है। पौधे जीवन की सबसे बुनियादी जरूरत है चाहे इंसान हो, जानवर हो या अन्य जीवित चीजें। वे हमें भोजन, ऑक्सीजन, आश्रय, ईंधन, दवाएं, सुरक्षा और फर्नीचर देते हैं। वे पर्यावरण, जलवायु, मौसम और वातावरण के बीच प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए बहुत आवश्यक हैं। हमें वनों की कटाई को रोककर और वनीकरण को बढ़ावा देकर वन्यजीवों की देखभाल करनी चाहिए।

आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रूव की ठोस बर्फ का कई



किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तिव ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाके चपेट में आ जाएंगे। कोरोना महामारी जैसी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेगी।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचौन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हमने राजस्थान में अनेक शहरों में बाढ़ की विकराल स्थिति को देखा हैं। जब मनुष्य पृथ्वी का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो पृथ्वी भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा।

आज चिन्तन का विषय न तो युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बड़े खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं।

आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढ़ंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। यह देखा गया है कि मनुष्य अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति का दोहन करता चला आ रहा है। अगर प्रकृति के साथ इस प्रकार से खिलवाड़ होती रही तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज आवश्यकता है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की ओर विशेष दिया जाए, जिसमें मुख्यतः धूप, खनिज, वनस्पति, हवा, पानी, वातावरण, भूमि तथा जानवर आदि शामिल हैं। इन संसाधनों का अंधाधुंध दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण ये संसाधन धीरे-धीरे समाप्त होने की कगार पर हैं। प्रकृति के संरक्षण को सभी देशों की सरकारों एवं विभिन्न गैर-राजनैतिक संगठनों ने बड़ी गम्भीरता से लिया है और इस पर कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। ऐसे भी अनेक तरीके हैं जिनमें आम आदमी भी इनके संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा सकता है।

# भगवान परशुरामजी भगवान विष्णुजी के छठे चिरंजीवी अवतार हैं

**जयंती**

**पंडित मालूराम शर्मा**



भगवान परशुरामजी ने त्रेतायुग में ब्रह्मश्रेष्ठ महर्षि जमदग्नि एवं माताश्री रेणुका के परिवार में वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्ष्य तृतीया ) को प्रदोष काल में जन्म लिया । पौराणिक वृत्तांत के अनुसार महर्षि जमदग्नि द्वारा सम्पन्न करवाए गए पुत्रेष्टि यज्ञ से प्रसन्न होकर देवराज इन्द्र के वरदान स्वरूप भगवान परशुरामजी का अवतरण हुआ । बाल्यकाल में भगवान परशुरामजी ने शास्त्रों की प्रारम्भिक शिक्षा अपने पितामह ऋचीक और पिता जमदग्नि से ग्रहण की तथा शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण राजर्षि विश्वामित्र से प्राप्त किया। बाल्यकाल में भगवान परशुरामजी की युद्ध कौशल में विशेष रुचि को देखते हुए उनके पूर्वजों ने उन्हें महादेव शिवजी की अराधना करने की आज्ञा दी। अपने पूर्वजों की आज्ञा से बालक भगवान परशुरामजी ने महादेव शिवजी की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया । तत्पश्चात् महादेव शिवजी इनके गुरुवर एवं आराध्य बन गए । महादेव शिवजी ने भगवान परशुरामजी को परशु प्रदान कर शक्ति संपन्नता दी। पितामह ने इनका नाम राम रखा था किन्तु जमदग्नि के पुत्र होने के कारण वे जामदग्न्य कहलाए और महादेव शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण करने के कारण भगवान परशुराम जी के नाम से में विख्यात हुए । भगवान परशुरामजी योग, वेद, नीति और युद्ध कौशल में पारंगत थे । भगवान परशुरामजी ने सम्पूर्ण भारतवर्ष में सनातन परम्पराओं के उत्थान एवं उन्नयन के लिए तथा भ्रष्ट एवं निरंकुश शासन व्यवस्थाओं में परिवर्तन के लिए संघर्ष किया। भगवान विष्णुजी के छटे अवतार भगवान श्री परशुरामजी चिरंजीवी हैं।

अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च विभीषणः।
कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरंजीविनः॥

अर्थात् अश्वत्थामा, राजा बलि, व्यासजी, हनुमानजी, विभीषण, कृपाचार्य और परशुरामजी, ये सातों महापुरुष चिरंजीवी हैं ।भगवान परशुरामजी उन सात चिरंजीवी महापुरुषों में से एक हैं जो कलयुग की रक्षा के लिए चिरंजीवी हैं। यह सभी भगवान विष्णु के कल्कि अवतार के पृथ्वीपर अवतरित होने पर उनके सहयोगी होंगे। भागवत पुराण के अनुसार भगवान परशुरामजी महेन्द्र पर्वत पर विराजित हैं । भगवान परशुरामजी महाभारत काल में भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य एवं कर्ण के गुरु रहे हैं तथा भविष्य में भगवान विष्णु के नवें अवतार कल्कि को युद्ध कौशल में दीक्षित करेंगे। महर्षि जमदग्नि द्वारा पुत्रेष्टि यज्ञ करने पर देवराज इंद्र के वरदान स्वरूप रेणुका के गर्भ से वैशाख शुक्ल तृतीया को परशुराम का जन्म हुआ । इस दिन परशुराम जयंती के रूप में मनाया जाता है।



परशुराम की प्रारंभिक शिक्षा ऋषी विश्वामित्र और ऋचीक के आश्रम में हुयी । बचपन से ही वे पशु पक्षियों की भाषा समझते थे । उनके स्पर्श मात्र से कोई भी पशु उनके मित्र हो जाया करते थे ।

अनेक ऋषि मुनियो ने उन्हें अपने अस्त्र और शस्त्र प्रदान किये। ऋषि ऋचीक से उन्हें सारंग नामक दिव्य वैष्णव धनुष प्राप्त था । ब्रह्मऋषि कश्यप से उन्हें अविनाशी वैष्णवी मंत्र प्राप्त हुआ था। परशुराम ने कैलाश गिरि श्रंग पर स्थित भगवान शंकर के आश्रम में विद्या प्राप्त की । दिव्यास्त्र विदयुदभी नामक परशु (फरसा) प्राप्त किया था । शिव जी ने श्री कृष्ण का त्रैलोक्य विजय कवच स्तवराज स्तोत्र मंत्र कल्पतरु प्राप्त किया । शिव जी से उन्होंने अन्य अनेक प्रकार के दिव्य अस्त्र प्राप्त किये थे । उन्होंने सबसे कठिन युद्धकला 'कलरीपायट्टु' की शिक्षा शिवजी से प्राप्त किया । 'विजय 'नाम का धनुष भी शिव से ही प्राप्त हुआ था। चक्र तीर्थ में किये तप से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने उन्हें त्रेता में रामावतार होने पर तेजोहरण के उपरांत कल्पन्त पर्यन्त तपस्यारत भूलोक में होने का वर दिया । इनको रामभद्र,भार्गव, भृगपति, जमदग्न्य के नामों से भी जाना जाता है । भगवान परशुनाथ ने अपने तीर से समुंद्र को सोख कर कोकण गोवा और केरल क्षेत्र बसाया।गुरु परशुराम की कहानियाँ रोचक और उनकी वीरता और उनके अदम्य साहस परिचय देती है ।

**पिता के कहने पर माँ का वध** : एक बार परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि अपनी पत्नी रेणुका से क्रोधित हो गए । उनके मां घड़े को लेकर पानी भरने नदी के किनारे गयी । किसी कारण कुछ देवताओ के आने से रेणुका को आने में देर हो गयी । वह उनको देखने लगी । जब ऋषि जमदग्नि को यह बात पता चली तो वे अधिक क्रोधित हुए । उन्होंने अपने पांचो पुत्रो से रेणुका को मारने का आदेश दिया । सभी पुत्र डर गए लेकिन परशुराम ने माता रेणुका का सिर धड़ से अलग कर दिया ।साथ ही अपने भाइयों को भी मार डाला । इससे ऋषि जमदग्नि अत्यंत प्रसन्न हुए । उन्होंने परशुराम से वरदान मांगने को कहा । परशुराम ने अपने भाइयों और माता रेणुका को जीवित करने का वर मांग लिया । इस प्रकार अपनी सूझ बूझ और प्रेमवश अपनी माता और भाइयों को पुनः जीवित करवाया।

**हैहयवंशी क्षत्रिय का विनाश** : हैहयवंश में कार्तवीर्य अर्जुन बड़ा ही प्रतापी राजा था ।उसने अपने गुरु दत्तात्रेय को प्रसन्न करके वरदान के रूप में उनसे हजार भुजायें प्राप्त की । हजार भुजाओं के कारण ही उसे सहस्त्रबाहु के नाम से भी जाना जाता है । उसे अपने वैभव और शक्ति का बहुत घमंड था । उसे कई सिध्दियां भी प्राप्त थी । लंकाधिपति रावण को भी उसने बंदी बना लिया था । एक बार राजा सहस्त्रबाहु अर्जुन शिकार खेलते हुए जमदग्नि के आश्रम में पहुंच गए । ऋषि जमदग्नि उनका बहुत आदर सत्कार किया । ऋषि के पास कामधेनु गाय थी । उसी गाय के गोरस के भंडार से ही ऋषि जमदग्नि ने सबको अच्छी तरह से आवभगत किया । सहस्त्रबाहु ने जब यह सब देखा तो कामधेनु गाय उनको पसंद आ गयी । वे बलपूर्वक गाय को आश्रम से ले गए । परशुराम को जब यह बात पता चली तो अपने पिता के आत्मसम्मान की रक्षा के लिए उन्होंने राजा सहस्त्रबाहु से कामधेनु वापस लेने गए । राजा सहस्त्रबाहु और गुरु परशुराम ने युद्ध किया और उसे मार डाला । इसके बाद सहस्त्रबाहु के पुत्रों ने प्रतिशोध स्वरूप ,जब परशुराम अनुपस्थित थे .उनके पिता जमदग्नि को मार डाला ।इससे विचलित होकर उनकी माता रेणुका भी जमदग्नि के साथ सती हो गयी । इस घटना से गुरु परशुराम अत्यधिक क्रोधित हुए । उन्होंने यह प्रतिज्ञा किया कि हैहयवंश के सभी क्षत्रियों का नाश करके ही दम लूंगा । इन्होंने सबसे पहले महिष्मती नगरी में अधिकार प्राप्त किया और उन्होंने सहस्त्रबाहु के सभी पुत्रो और उनके साथ देने वाले सभी क्षत्रिओं का नाश किया। ऐसा कहा जाता है कि उन्होंने पृथ्वी पर 21 बार क्षत्रिओं का विनाश किया। महर्षि ऋचीक ने उन्हें रोका । इसके बाद परशुराम जी ने अश्वमेध यज्ञ किया। पृथ्वी को ब्राम्हणो को दान कर दिया और अपने अस्त्र और शास्त्र इंद्र को देकर, वे महेंद्रपर्वत के आश्रम में रहने लगे।

**श्री गणेश के एक दांत तोड़ना** : गुरु परशुराम कैलाश पर्वत पर अपने आराध्य गुरु भगवान् शंकर के अन्तपुर में मिलने के लिए गए। लेकिन प्रवेश द्वार पर श्री गणेश द्वारा रोके जाने पर परशुराम से उनका वाद विवाद हो गया। गणपति ने अपनी सूड़ से भूतल में उनको पटक दिया। जिससे अचेत हो गए। चेतनावस्था में आने पर उन्होंने अपने परशु (फरसे) से गणेश जी पर वार किया। जिससे उनका एक दांत टूट गया। इससे क्रोधित होकर माता पार्वती परशुराम पर त्रिशूल चलाने के लिए उद्यत हो गयी थी। लेकिन भगवान शिव के हस्तक्षेप से माता पार्वती के गुस्से को शांत किया गया। इसके बाद श्री गणेश जी एकदन्त के नाम से प्रसिद्ध हुए ।

**लक्ष्मण से विवाद और राम से मिलन** : त्रेतायुग मे सीता जी के स्वयंबर के अवसर पर श्री रामचंद्र जी ने जब शिव जी का धनुष तोड़ा तो आकाश में गर्जना हुयी । गुरु परशुराम मिथला में प्रकट होते है। उनको लगा कि किसी क्षत्रिय में फिर कोई अनहोनी किया। शिव जी उनके आराध्य देव है वे बहुत क्रोधित होकर लक्ष्मण से वाद विवाद करते है। 'वे राम से कहते है कि 'सुनहु राम जो शिव धनु तोरा . सहसबाहु सम सो रिपु मोरा 'बाद में उन्हें श्री रामचंद्र जी की वास्तविकता का पता चलता है। वे श्रीराम की परीक्षा लेते है। उन्हें अपना धनुष देकर उसकी प्रत्यंचा चढ़ाने को कहते है , श्री राम यह कार्य कर देते है। परशुराम को यह पता चल जाता है कि श्रीराम विष्णु केही अवतार हैइसप्रकार उनको नमन करके वे वन की ओर प्रस्थान कर जाते है।

**भीष्म पितामह से युद्ध** : गंगा पुत्र भीष्म ने अपने पिता के विवाह के लिए अम्बा और अम्बालिका को हरण करके हस्तिनापुर आये थे। अम्बालिका ने तो भीष्म के पिता को स्वीकार कर लिया था। लेकिन अम्बा किसी और को चाहती थी। भीष्म को यह बात अम्बा ने बाद में बतायी । अतः भीष्म ने अम्बा को छोड़ दिया। लेकिन अम्बा के प्रेमी ने उसको स्वीकार नहीं किया। अम्बा लौटकर फिर भीष्म के पास आयी और भीष्म से विवाह करने की इक्छा जताई । लेकिन गंगा पुत्र भीष्म ने तो विवाह न करने की प्रतिज्ञा ली थी। अतः उन्होंने मना कर दिया। भीष्म द्वारा स्वीकार ना किये जाने के कारण क्षुब्ध होकर अम्बा प्रतिशोध वश मदद मांगने के लिए गुरु परशुराम के पास गयी । अम्बा की सहायता का आश्वासन देकर वे गंगा पुत्र भीष्म को ललकारते है। भीष्म के साथ उनका युद्ध 23 दिन तक चलता है। लेकिन भीष्म के पिता ने उनको इक्छा -मृत्यु का वरदान दिया था जिसके कारण वे उन्हें हरा न सके।

**कर्ण को श्राप** : गुरु परशुराम सिर्फ ब्राह्मणो को ही अपना शिष्य बनाते थे। कर्ण को जब यह पता चला तो उन्होंने अपने आप को ब्राह्मण बता कर शास्त्र और शस्त्र की शिक्षा ग्रहण किया। लेकिन एक घटना से परशुराम जी कर्ण के वास्तविक रुप को पहचान गए की कर्ण ब्राह्मण नहीं है। अतः आवेश में आकर उन्होंने कर्ण को श्राप दे दिया की जब भी तुम्हे मेरी विद्या की जरुरत होगी लूम भूल जाओगे। हालस्की बाद में उनको ग्लानि हुयी और उन्होंने कारण को अपना धनुष दिया था। महाभारत के युद्ध में अर्जुन से युद्ध करते समय ब्रह्मास्त्र चलना भूल गए। जिसके फलस्वरुप अर्जुन द्वारा वीरगति को प्राप्त हुए । पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वे आज भी मंदराचल पर्वत पर तपस्यारत है । शैव दर्शन में उनका उल्लेख सबसे ज्यादा मिलता है । अपने साधकों और भक्तों को आज भी वे दर्शन देते है । ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भगवान् परशुराम की साधना करने से धन धान्य और ज्ञान का अर्जन करने वाला और हर प्रकार से सम्पन्न और साहसी होता है।

**फिल्म**

## सितारों ने अपने फैंस से कहा, ईद मुबारक!

ईद के मुबारक मौके पर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के कलाकार पूरे हर्षोल्लास से इस त्यौहार की तैयारी कर रहे हैं। इस उत्सव का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत करने को तैयार टीवी सितारे अदनान खान और अलमा हुसैन ने अपने ईद के प्लान्स बताए और अपने फैंस को ईद की मुबारकबाद भी दी। कथा अनकही के अदनान खान कहते हैं, ÷मुझे ईद का इंतज़ार है, जो इबादत का मौका होता है, जहां हमें लोगों को दान देने, अल्लाह से अपना रिश्ता मजबूत करने और रहमदिली और सब्र दिखाने के लिए प्रेरित किया जाता है। मैं महीने भर से रोज़े रख रहा हूं और यह मुझे अपनी आत्मा के डिटॉक्स जैसा लगता है। मुझे अपनी ज़िंदगी में एक सही बैलेंस मिला है और वाकई मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। इस साल मेरे अंकल ने मेरे लिए एक कुर्ता सेट भी डिज़ाइन किया है और मैं ईद पर इसे पहनने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मेरे पिता हमेशा हमें ईद की दावत के लिए बाहर ले जाते थे, और मैंने उसी परंपरा को जारी रखा है। इसलिए, जब भी मैं काम नहीं कर रहा होता हूं, तो मैं शाम को अपनी मां को अपने पसंदीदा रेस्टोरेंट में ले जाता हूं। मैं अपने सभी फैंस को ईद की मुबारकबाद देता हूं और मैं सभी की सफलता और सलामती के लिए दुआ करता हूं। ईद का त्यौहार मनाने को लेकर सपनों की छलांग की अलमा हुसैन कहती हैं, इस साल मैं वीडियो कॉल के जरिए अपनी फैमिली के साथ ईद सेलिब्रेट करूंगी क्योंकि इस समय मैं सपनों की छलांग की शूटिंग कर रही हूं और अपने को-स्टार्स के साथ यह फेस्टिवल मनाऊंगी। जहां इस पाक महीने में हम अल्लाह से जुड़ते हैं, वहीं यह फैमिली से मिलने का मौका भी होता है, जब मैं बहुत मस्ती करती हूं, क्योंकि मुझे उनसे ईदी मिलती है। जहां मैं यह सब मिस कर रही हूं, वहीं मैं अल्लाह से दुआ मांगती हूं कि सभी को खुश और सलामत रखे। मेरे सभी फैंस और फ्रेंड्स को ईद मुबारक।

**सेहत**

## बच्चों को कई बीमारियों से बचा सकती है रोज ब्रश करने की आदत

बच्चों को अच्छी आदतें सीखाना बेहद आवश्यक होता है। बचपन में जो आदतें सिखाई जाती हैं, बच्चा आने वाले भविष्य में उसी को फॉलो करता है। बचपन में अभिभावक बच्चों के दांतों को साफ करने व नहाने जैसी कुछ अच्छी आदतों को सिखाते हैं। अन्य आदतों की तरह ही सुबह के समय ब्रश करना बेहद आवश्यक माना जाता है। सुबह व रात के समय दांतों की सफाई करने से दांतों और मुंह के कई रोग होने का खतरा कम हो जाता है। इस लेख में आपको बच्चों के द्वारा रोजाना ब्रश करने की आदत के फायदों के बारे में बताया गया है। साथ ही, आप जानेंगे कि ब्रश करने से बच्चे को किन बीमारियों को खतरा कम होता है। दांतों को रोजाना साफ करने से आपको कैविटी होने की संभावना कम हो जाती है। कैविटी में दांतों के क्षतिग्रस्त की प्रक्रिया को कहा जाता है, इसमें कई बार दांत टूटने लगते हैं। दांतों की यह समस्या बेहद ही आम है, जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। दांतों की सही देखभाल और सफाई न करना, इसकी मुख्य वजह मानी जाती है। रोजाना ब्रश करने से बच्चों के मसूड़े स्वस्थ रहते हैं। साथ ही उनके सूजन आदि की समस्या की संभावना कम हो जाती है। ब्रश करने से बच्चों के मसूड़े में रक्तस्राव की समस्या होने का खतरा भी कम होता है। कई बार मसूड़े की सूजन की वजह से पीरियडोंटाइटिस (एक तरह का रोग) हो सकता है, ये एक गंभीर संक्रमण होता है। खाना खाने के बाद अगर आपके दांतों में खाने का टुकड़ा रह जाए, तो इस वजह से दांतों में बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।

## एक नजर

### गौठानों को स्वावलंबी बनाने में प्रबंधन समिति की भूमिका अहम

सुकमा 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने गोधन न्याय योजना अन्तर्गत जिले के गौठानों में संचालित विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गौठानों को स्वावलंबी गौठान बनाने में प्रबंधन समिति की भूमिका अहम है। इसके लिए सभी गोठान प्रबंधन समिति प्राथमिकता के साथ गौठानों में नियमित रूप से गतिविधियों का संचालन करें। इसी क्रम में जिले में कुछ गौठानों गतिविधियां संचालित नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए कलेक्टर ने प्रबंधन समिति के सदस्यों से कहा कि गौठानों में सक्रियता के साथ गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन करें और इसकी नियमित रूप से निगरानी करें। कलेक्टर ने गौठानों में शीघ्र ही पर्याप्त पानी की व्यवस्था कराने कहा। जिले के गौठानों में हो रही गोबर खरीदी की विस्तार से समीक्षा की। साथ ही बंद पड़े गोठानों में भी जल्द से जल्द गोबर खरीदी प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि स्वावलंबी गौठानों समेत शेष गौठानों में किसी भी परिस्थिति में गोबर खरीदी का कार्य बंद न करें, खरीदी कार्य में लापरवाही बरतने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नोडल अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं भडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं नियमित तौर से मल्टीएक्टीविटी का कार्य संचालन करने कहा।

कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित गोठान समितियों के अध्यक्ष व सदस्यों से गौठानों में उपलब्ध संसाधनों, पशुधन के लिए भरपूर चारा, पानी की उपलब्धता, वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं विक्रय, शेड निर्माण, तार फैंसिंग, मुर्गीपालन, सब्जी उत्पादन, चारागाह विकास सहित गौठानों में संचालित अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गौठानों में कम समय में तैयार होने वाले फसलों जैसे सब्जी-भाजी का उत्पादन करके स्थानीय लोगों के पास विक्रय करें जिससे समूह को कम समय में अतिरिक्त आय अर्जित करने में सहूलियत होगी। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री डीएन कश्यप, वन मंडलाधिकारी श्री थ्रेजेस एस. सहित अन्य अधिकारीगण, कर्मचारी और गौठान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित थे।

### वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें: कलेक्टर



राजनांदगांव 22 अप्रैल। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के निर्देश पर सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए हमर परिवार हेलमेट परिवार वाट्स एप ग्रुप बनाया गया है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने जिले वासियों से अपील की है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें और इसे अपनी आदत में शामिल करें। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है और सड़क दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षित रहने के लिए हेलमेट का प्रयोग करें। उन्होंने हेलमेट लगाने के लिए सभी को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री डोमन सिंह की पहल पर हमर परिवार हेलमेट परिवार वाट्स एप ग्रुप में सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोड़ा गया है। ताकि सभी वहां हेलमेट पहने अपनी फोटो शेयर करें तथा एक दूसरे को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित करें।

### लू से बचाव एवं उसके उपाय हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी

कांकेर 22 अप्रैल। ग्रीष्म ऋतु के दौरान तापमान में वृद्धि होने के कारण लू की संभावना अधिक होती है, लू से बचाव एवं उसके उपाय हेतु कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है।

**लू के लक्षण** - सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख न लगना व बेहोश होना।

**लू से बचाव के उपाय** - लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है, अतः इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए - बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जावें, धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में पीए, अधिक समय तक धूप में न रहे, गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती के कपड़े पहनने चाहिए।

# होमलाइट घोटाला की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो: राणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बीजापुर, 22 अप्रैल। जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र डोडी तुमनार में 78 लाख की लागत से होम लाइट लगाने के नाम पर घोटाला उजागर होने के बाद अब प्रशासन भी हरकत में आया है। जिला पंचायत सीईओ रवि साहू द्वारा इस मामले की जांच हेतु एडीओ के तत्वाधान में जांच कमिटी का गठन किया गया है। वहीं इस मामले में जल्द जांच कर दोषी अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई हेतु अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बीजापुर वार्ड 1 से पार्षद नंद किशोर राणा ने शुक्रवार को सीईओ रवि साहू से मिलकर उन्हें लिखित ज्ञापन सौंपा है। इस मामले में नंद किशोर राणा ने एक बार फिर क्षेत्रीय विधायक, अधिकारी और कर्मचारियों को घेरते हुए कहा है कि प्रशासन के नाक के नीचे इतना बड़ा घोटाला कर दिया जाता है, जो जिले में चल रहे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा को बताता है। इस घोटाले में काँग्रेस के नेता स्वयं विधायक की संलिप्तता बता रहे हैं। जो कि अत्यंत चिंतनीय बात है। काँग्रेस का राज आते ही भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा में पहुँच चुका है। विधायक महोदय भी क्षेत्र की समस्याओं को नजरअंदाज कर अधिकारियों के साथ कागजों में काम कराकर पैसों का बंदरबांट करने में लगे हैं। प्रशासन जल्द जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करें।

#### क्या है पूरा मामला

बीते वित्त वर्ष में जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र डोडी तुमनार में 78 लाख की लागत से गांव को अंधेरे से रोशन करने के लिए होम लाइट लगाया गया था। किंतु आरोप ये लग रहे हैं कि पूरा काम केवल कागजों में हुआ है। गांव में प्रशासन की एक लाइट भी नहीं पहुँच पाई है। मामला उजागर होने पर अब प्रशासन की नींद उखड़ गयी है जिला पंचायत द्वारा दबाव बढ़ता देख जांच दल तो बना दिया गया है। लेकिन घोटाले के लग रहे आरोपों पर फिरहाल कोई जांच अभी तक नहीं कि गई है।बताया जा रहा है कि मामला पिछले वित्त वर्ष का जिसका भुगतान भी प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। पूरा मामला 1 करोड़ 34 लाख का है।

कांग्रेस के नेता ही घेर रहे हैं विधायक को कुछ दिनों पूर्व ही कांग्रेस नेता अजय सिंह ने भी डोडी तुमनार मामले में क्षेत्रीय विधायक की संलिप्तता में होम लाइट के नाम पर कागजों में काम कर अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा 78 लाख गबन करने का आरोप लगाया था। वहीं भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले में भ्रस्टाचार का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द जांच की मांग की है।

# विश्व विरासत दिवस पर वेदांता एल्यूमिनियम ने स्थानीय हस्तशिल्प को बढ़ावा देने शुरू की ऑनलाइन कला दीर्घा



कोरबा। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने विश्व विरासत दिवस के मौके पर अपनी वेबसाइट पर ऑनलाइन कला दीर्घा की शुरूआत की है। इसके जरिए प्रचालन क्षेत्रों के शिल्पकार समुदायों की कलाकृतियों को प्रदर्शित और प्रचारित किया जा रहा है। बाजार की मांग के अनुरूप वेदांता की वेबसाइट पर ढोकरा धातु कला और सौरा चित्रकलाएं प्रदर्शित की गई हैं जिनकी खरीद की जा सकती है। वेदांता एल्यूमिनियम की इस पहल का उद्देष्य प्रचालन क्षेत्रों और उसके आसपास की समृद्ध कला-संस्कृति से पूरी दुनिया को परिचित कराना है। स्थानीय शिल्पकारों को सशक्त करने वाली यह कला दीर्घा उन्हें आय के नए विकल्प मुहैया कराएगी। https://vedantaaluminium.com/sustainability/social-impact/promoting-art-culture/ लिंकके जरिए ऑनलाइन कला दीर्घा तक पहुंचा जा सकता है। यह दीर्घा भारत की प्राचीन कलाओं को पोषित करने की दिषा में वेदांता एल्यूमिनियम द्वारा किए जा रहे प्रयासों का वर्चुअल विस्तार है। ढोकरा एक उत्कृष्ट धातुकला है जो सिंधु घाटी सभ्यता से चली आ रही है और लगभग 5000 वर्षों से यह भारत की समृद्ध हस्तशिल्प विरासत का हिस्सा है। ओडिशा के कालाहांडी जिले के कांकेरी गांव में यह कला लुप्तप्राय थी। एक से दूसरी पीढ़ी तक स्थानांतरित होने वाली इस कला के जरिए कलाकार कुछ बुनियादी किस्म के आभूषण तैयार करने तक सीमित थे जिससे उन्हें बहुत कम आमदनी होती थी। इससे अनेक कारीगरों को ढोकरा शिल्प छोड़कर बेहतर आजीविका के लिए अन्य राज्यों में पलायन कर निर्माण मजदूर बनने के लिए मजबूर होना पड़ा। वेदांता एल्यूमिनियम ने अपने संयंत्र के निकट स्थित कांकेरी गांव में ढोकरा शिल्प को पुनर्जीवित करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए। कलाकारों को पारंपरिक तकनीकों के इस्तेमाल से आधुनिक डिजाइन बनाना सिखाया गया। कंपनी ने धातु व कच्चा माल खरीदने के लिए प्राथमिक पूंजी मुहैया कराई। कला प्रदर्शनियों के माध्यम से कलाकारों को बाजार से जुड़ने का अवसर मिला जहां उन्हें उनकी कलाकृतियों की बेहतर कीमत मिली।

### कुरुद में दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा



कुरुद, 22 अप्रैल। शुक्रवार को गौरवशाली साहू तैलिक समाज के गौरव एवं आदर्श दानवीर भामाशाह जी की जयंती के अवसर पर तहसील साहू समाज कुरूद एवं समस्त परिक्षेत्र, ग्रामीण साहू समाज के संयुक्त तत्वाधान में कुरूद में दानवीर भामाशाह जयंती पर भव्य महोत्सव का आयोजन कर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।सर्वप्रथम तहसील युवा साहू समाज कुरूद द्वारा सुबह चंडी माता मंदिर से भव्य बाइक रैली निकाली गई।जिसमें प्रत्येक गांव से युवा साथी अधिक से अधिक संख्या में शामिल हुए।बाइक रैली पश्चात चंडी माता मंदिर से पूजा अर्चना कर ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गयी। इस शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया। धुमाल की मधुर थाप पर निकली इस शोभायात्रा में भक्तिमयी मनभावन वातावरण में लोग शामिल हुए। कलश यात्रा में माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर पुरानी मंडी प्रांगण में पहुंची जहां दोपहर में समाज के अतिथियों एवं दानवीर सामाजिक भाइयों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# अक्षय तृतीया एंव भगवान श्रीपरशुराम की जयंती पर महापौर ने दी बधाई

राजनांदगांव 22 अप्रैल। अक्षय तृतीया एवं भगवान परशुराम जी की जयंती पर महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने नगर वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भगवान श्री परशुराम जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे भगवान शंकर के परम भक्त हैं। भगवान शंकर जी ने ही परशुराम जी को एक अमोघ अस्त्र. परशु प्रदान किया था। इनका वास्तविक नाम राम था, किंतु हाथ में परशु धारण करने से ये परशुराम नाम से विख्यात हुए। ये अपने पिता के अनन्य भक्त थे, पिता की आज्ञा से इन्होंने अपनी माता का सिर काट डाला था, लेकिन पुनः पिता के आशीर्वाद से माता की स्थिति यथावत हो गई। यह ईश्वर ही चमत्कार था और उनकी परीक्षा जिसमें उन्होंने अपने पिता के आदेश पर तत्क्षण भी नहीं सोचा और अंततः ईश्वरीय चमत्कार से माता जी पुनः यथास्थिती में हो गई। भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था. इस वजह से हर वर्ष परशुराम जयंती इस तिथि को मनाई जाती है। महापौर श्रीमती देशमुख ने अक्षय तृतीया की बधाई देते हुये कहा कि यह पर्व दान पून्य का पर्व है, इस दिन शुभकार्य करना अच्छा माना जाता है। इस लिये इस दिन बिना मुहुर्त के शादी ब्याह सहित अन्य मांगलिक कार्य किया जाता है। छत्तीसगढ़ में इस दिन पितरों का तर्पण अक्ती पानी देकर किया जाता है। उन्होंने सभी नगरवासियों को अक्षय तृतीया एवं परशुराम जयंती की बधाई देते हुये सभी के लिये मंगलमय जीवन की कामना की है। महापौर श्रीमती देशमुख सहित अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर बंजारी, सतीश मसीह,संतोष पिल्ले, भागचंद साहू, विनय झा, श्रीमती दुलारी बाई साहू, श्रीमती बैना बाई टुराहाटे, गणेश पवार, राजेश गुप्ता, राजा तिवारी, वरिष्ट सभापति श्री अब्दुल समद खान,कनिष्ट सभापति गामेन्द्र नेताम, अपील समिति के सदस्यों श्रीमती शकीला बेगम, श्रीमती मधु बैद,श्री ऋषि शास्त्री, जिला योजना समिति के सदस्य श्री सिद्धार्थ डोगरे व श्री अमिन हुद्दा, पार्षदों एवं नामांकित पार्षदों ने भी नागरिकों को परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया पर अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शो पर चले और अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर शुभ कार्य कर दान पून्य कर अपने जीवन को सफल बनाये।

# ईदगाह में नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



पत्थलगांव, 22 अप्रैल। रमजान का महीना समाप्त होने के बाद आज मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान स्थित ईदगाह मे नमाज अदा कर अमनचैन की दुआ मांगे। आज ईद का त्यौहार मुस्लिम समुदाय द्वारा बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। समाज के सभी वर्ग से लोग काफी आकर्षक वेशभूषा में सुबह से ही सजधजकर तैयार थे,निश्चित समय पर मौलाना मो.नसिर आलम द्वारा नमाज अदाकर मुस्लिम समाज के लोगो को इस पर्व की बधायी दी। उन्होंने शांति एवं भाईचारे का संदेश देकर देश प्रदेश मे खुशहाली रहने की भी दुआ की। दिन शुक्रवार को एक माह से चले आ रहे रमजान महिने की समाप्ति हुयी थी,इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग चांद देखकर दूसरे दिन ईद का त्यौहार मनाते है,यह त्यौहार मुस्लिम समुदाय भाईचारे के रूप मे गले मिलकर एक दूसरे को बधायी देते हुये मनाते है। यहा के मुस्लिम कब्रिस्तान मे सुबह से ही ईद की नमाज अदा करने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग इकटठा हो रखे थे। ईदगाह मे नमाज के बाद मिठी सेवईयो का दौर शुरू हो गया था। मुस्लिम समाज के लोग एक दूसरे के घर पहुंचकर ईद की बधायी देने मे जुटे हुये थे,साथ ही मिठी सेवईयां त्यौहार की खुशियों मे चार चांद लगा रही थी। यहा के रहने वाले मुस्लिम युवक निशामुददीन खान(प्यानी),बाबर खान,ईमरान खान,हैदर अली ने बताया कि आज पूरे देश में ईद का त्योहार पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही लोग प्रमुख मस्जिद एवं ईदगाह में नमाज अदा कर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दे रहे हैं। उन्होने बताया कि रमजान के पूरे महीने रोजेदारों ने संयम और धैर्य के साथ रोजा रखा और शुक्रवार को ईद के चांद का दीदार होते ही शनिवार की सुबह से नमाज अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी। उन्होने बताया कि शुक्रवार 21 अप्रैल को रमजान के आखिरी जुम्मे की नमाज यानी अलविदा जुम्मा अदा कर शाम में इफ्तार के बाद ईद के चांद का दीदार किया।

# चौबेबांधा में नहर नाली निर्माण 3 साल से अटका, अधिकारी नहीं उठाते पत्रकारों का फोन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



राजिम 22 अप्रैल। चौबेबांधा नहर नाली निर्माण का कार्य पिछले तीन सालों से अटका हुआ है परंतु इस दिशा में न ही अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही कोई जनप्रतिनिधि। नतीजा किसानों को अपने खेतों में पानी पलाने के लिए मुश्किल दौर से गुजरना पड़ता है। बड़ी नहर नाली के बाद छोटी नहर नाली का काम शुरू ही हुआ था कि अचानक से बोरिया बिस्तर समेट कर रफूचक्कर हो गए और नाली का काम तब से अटका हुआ है। बता देना जरूरी है कि करीब 2 किलोमीटर लंबी नहर नाली खेतों को पलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पिछले साल जून में काम शुरू हुई किए थे। शुरुआत में तकरीबन 200 गज की दूरी तक सीमेंट से ढालकर बना दिए गए हैं। काम गुणवत्ताहीन होने के कारण किसानों ने गुणवत्तापूर्ण बनाने की मांग अधिकारियों से की थी लेकिन पिछले साल बरसात का बहाना बनाकर ठेकेदार काम ही बंद कर दिए। इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में धान कटाई के बाद किसान मानकर चल रहे थे कि अब नहर नाली का काम शुरू होगा। इधर 6 महीने गुजर गए और नहर नाली को बनाने की बात तो दूर कोई इसे देखने के लिए भी नहीं आया है। पिछले दिनों जिला कलेक्टर प्रभात मलिक नहर नाली के काम को तेजी करने की बात बैठक में कही थी। उसके बाद से अधूरे पड़े चौबेबांधा नहर नाली को कोई देखने वाला नहीं है। जानकारी के मुताबिक राजिम विधायक अमितेश शुक्ला ने नहर नाली को दुरुस्त करने एवं पक्का बनाने के लिए एक करोड़ से भी ज्यादा की राशि स्वीकृत कराएं हैं। परंतु काम नहीं होने के कारण उनकी मेहनत व्यर्थ जाते हुए दिख रहा है। पिछले तीन साल पहले जैसे ही किसानों को पता चला नहर नाली को पक्का बनाया जाएगा। उसके बाद तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। यह सोचते रहे कि नाली पक्का बन जाने से सिंचाई में सोहलियत होगी। बताया जा रहा था कि नहर पार को सड़क जैसा बनाया जाएगा। इन बातों को सुनकर किसान यह कह रहे थे कि अब मेड़ के ऊपर से होकर चलने की जरूरत नहीं होगी अब तो गाड़ियां भी नहर के किनारे से होकर खेतों तक चले जाएंगे लेकिन उनकी सोच हकीकत में नहीं बदल पाया और तो और पिछले 3 सालों से नाली का निर्माण भी नहीं हो पाया है। इससे लोग शासन प्रशासन को कोस रहे हैं। इधर गुरुवार को शाम 5¬52 बजे जल संसाधन विभाग उप संभाग राजिम के एसडीओ पंचभावे से जानकारी के लिए मोबाइल न. 7000095300 पर काल किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया जबकि घंटी बराबर गई।

#### किसानों ने शीघ्र पूर्ण करने लगाई गुहार

चौबेबांधा के किसान लीला राम साहू, गणपत पटेल, गुलाब साहू, हरि साहू, नीलकंठ सोनकर, चमन साहू, संतोष सोनकर, मनीष धृतलहरे, केशव पटेल इत्यादि किसानों ने विधायक अमितेश शुक्ला, जिला कलेक्टर प्रभात मलिक एवं जल संसाधन विभाग के शीर्षस्थ अधिकारियों से शीघ्र नहर नाली के काम को गुणवत्तापूर्ण पूरी करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा है कि खरीफ फसल बोने से पहले नहर नाली के कार्य को पूरी करें ताकि इस बार सिंचाई करने में असुविधा ना हो।

## समाचार संक्षेप

### टेढ़े-मेढ़े पैरों के इलाज के लिए क्लिनिक का शुभारंभ



बीजापुर 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। क्योर इंटरनेशनल इंडिया, छत्तीसगढ़ शासन,ऋऋच्च के सहयोग से और विधायक श्री विक्रम शाह मंडावी के मार्गदर्शन एवं सहयोग मे जिला चिकित्सालय बीजापुर मे शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम ,जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे ,सिविल सर्जन डॉ यशवंत कुमार ध्रुव डॉ रत्ना ठाकुर ( हड्डी रोग विशेषज्ञ),डॉ प्राची सिंह (फियोथेरेपिस्ट) उपस्थित थे। शुभारंभ के दौरान क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी एवं जनप्रतिनिधियों ने क्लीनिक में आए बच्चों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और ईलाज पूरा करने के लिए माता- पिता और बच्चों को प्रोत्साहित किया ।क्योर इंडिया में अभी पूरे भारत मे 95 हजार से ज्यादा बच्चे नामंकित हुए हैं, और इस ईलाज का लाभ लिए हैं। क्लबफ़ूट कोई बीमारी नही है। सही समय पर इसका इलाज होने से ये पूरी तरह ठीक हो जाता है। इलाज का दो भाग है पहले भाग में प्लास्टर, दूसरे भाग में जूता पहनाने के दौरान फिजियोथेरेपी करने से पूरी तरह से ठीक हो जाता है ।बीजापुर को क्लबफ़ूट मुक्त बीजापुर बनाने के उद्देश्य से और कोई भी बच्चा ईलाज न मिलने के कारण विकलांग न हो इस उद्देश्य से क्लिनिक का शुभारंभ किया गया। जिसमें स्टेट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर सारिका बैग ,डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एलिशिबा कश्यप, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के जी प्रवीण शामिल थे।

### माओवादी कैम्प ध्वस्त, भारी मात्रा में विस्फोटक, डेटोनेटर माओवादी वर्दी,साहित्य,दवाइयां, चार्जर बरामद



बीजापुर 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में संचालित किये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् नेशनल पार्क एरिया कमेटी प्रभारी, डीव्हीसी दिलीप बेड़जा, मंगी, हुंगा एवं अन्य 20-25 माओवादियों की उपस्थिति की स्थानीय आसूचना पर दिनांक 18/04/2023 को एसटीएफ की टीम नेशनल पार्क एरिया में टेकामेटा, मरवाड़ा, सागमेटा, बड़ेकाकलेर, छोटे काकलेर, पील्लूर की ओर निकली थी ।अभियान के दौरान दिनांक 20/04/2023 को पील्लूर के दक्षिण में माओवादियों द्वारा लगाये गये प्रेशर बम को टीम द्वारा निष्क्रिय किया गया। क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति को भांपते हुये माओवादी कैम्प छोड़कर भाग खड़े हुये। सुरक्षा बल द्वारा पील्लूर के उत्तर में माओवादियों द्वारा लगाये गये कैम्प को ध्वस्त किया गया। पील्लूर के जंगल में माओवादियों द्वारा 05 अलग- अलग स्थान पर टेंट, झोपड़ी लगाया गया था जिसे सुरक्षा बलो द्वारा ध्वस्त कर मौके से विस्फोटक, गन पावडर, डेटोनेटर, फ्यूज, तीर बम, टूल्स, भारी मात्रा में माओवादी वर्दी, पीट्ठू, माओवादी साहित्य, चार्जर, मेडिकल किट दवाईया-इंजेक्शन, निडील- सिरिंज, एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद किया गया।

### अभियान के तहत माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के दौरान दिनांक 20-04-2023 को थाना भैरमगढ़, जांगला, नैमेड़, डी0आर0जी0 एवं 222 केरिपु कोड़ेपाल की संयुक्त बल थाना नैमेड़ से ग्राम कैका, कडेर, गुन्डापुर, कचिलवार, पेद्दाजोजेर की ओर एवं थाना गंगालूर से जिला पुलिस बल मय बी0डी0एस0 टीम के कमकानार, चिन्नाजोजेर की ओर गश्त सर्चिंग पर रवाना हुई थी। अभियान के दौरान कमकानार व चिन्नाजोजेर के मध्य जंगल में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर लुकते छिपते भागने का प्रयास कर रहा था जिसे पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर अपना नाम विनोद हेमला पिता सुखलू उर्फ सुक्कू हेमला जाति मुरिया, उम्र 33वर्ष, साकिन दुरधा थाना नैमेड़ का होना बताया। जिसके पास से विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया। बरामद टिफिन बम को बी0डी0एस0 टीम द्वारा निष्क्रिय किया गया। उक्त माओवादी के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है।

### कलेक्टर ने ली महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक



सुकमा 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। बच्चों में कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए लगातार कार्य करें, जिले में गंभीर कुपोषित बच्चें है, उन्हें प्राथमिकता देकर उनके पालकों से मिलकर उनकी काउंसिलिंग करें और बच्चों को सुपोषित बनाने कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करें ताकि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लक्ष्य को हम जल्द प्राप्त कर सकें। उक्त बातें कलेक्टर श्री हरिस.एस ने आज महिला बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में कहा।इस दौरान कलेक्टर श्री हरिस.एस ने सेक्टर के सुपरवाईजर से अपेक्षानुरुप काम नही करने वाले सुपरवाईजर को काम पर नाराजगी जाहिर की। रेडी-टू -ईट का वितरण का स्टाक रजिस्टर संधारित करना सुनिश्ति करने को कहा। रेडी-टू-ईट के स्टाक होते ही तीन दिवस के भीतर संबंधित आंगनबाड़ी तक समय में पहुंचाने को कहा।बैठक में आंगनबाड़ी, मिनी आंगनबाड़ी केन्द्रों की संचालन तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की नियुक्ति, आंगनबाड़ी केन्दों में गर्म भोजन, अण्डा प्रदाय करने, कुपोषित बच्चों को एनआरसी में शत् प्रतिशत भर्ती कराये जाने, आंगनबाड़ी केन्द्र के नवीन भवनों और वजन त्यौहार व माह मार्च 2023 के अनुसार कुपोषण की स्थिति के साथ ही आंगनबाड़ी में नीति आयोग द्वारा ईसीसी एक्टीविटी के संचालन के विषय पर समीक्षा की गई।कलेक्टर ने कहा कि जिन-जिन सेक्टरों में कुपोषण के मामले अभी भी अधिक हैं वहां विशेष मॉनिटरिंग करें और हर कुपोषण बच्चे का डेली रिर्पोट बनाने को कहा। बैठक के दौरान उन्होंने कुपोषण मुक्ति के लिए चल रहे कार्यो की समीक्षा की और सभी सीडीपीओ से उनके काम के बारे में जानकारी ली। साथ ही सीडीपीओ द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दिए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जतायी और उन्हें अपने काम में कसावट लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सीडीपीओ के कमजोर प्रदर्शन करने पर उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने कहा कि सेक्टरवार आंगनबाड़ी का मानीटरिंग होना आवश्यक है। जहां बच्चों की जांच के साथ जरूरी दवाईयां मिलनी चाहिए। उन्होंने एनआरसी में लाभान्वित बच्चों की संख्या के बारे में जानकारी ली और सभी सीडीपीओ को अपने क्षेत्रों में काम बेहतर करने के निर्देश दिए।


छत्तीसगढ़ शासन
छत्तीसगढ़िया किसानी के नवा बछर
अक्ति तिहार
माटी पूजन दिवस
सब्बो मन ल जय जोहार
भुइयां माता की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध प्रयास
कृष्ण कुंज
224 एकड़ रकबे में 55 हजार से अधिक जीवन उपयोगी पौधे ले रहे आकार
मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना
देश में पहली बार किसानों द्वारा पांच वर्षों में 1.8 लाख एकड़ पड़त भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण
गोधन न्याय योजना
खरीदे गये गोबर व गौमूत्र से बनाई 23 लाख क्विंटल जैविक खाद और 85 हजार लीटर ब्रह्मास्त्र (जैविक कीट नियंत्रक) और जीवामृत (वृद्धि वर्धक) के विक्रय से बढ़ रहा जैविक खेती का रकबा
श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

**एक नजर**

## धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव



तिल्दा-नेवरा, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ऋषि संस्कृति के प्रखर प्रकाश पुंज भगवान परशुराम के जन्मोत्सव स्थानीय परशुराम भवन में परशुराम की प्रतिमा का अभिषेक कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। समाज के 11जोड़ो द्वारा पूजन किया गया पंडित महेश शर्मा गणेश शर्मा ने मंत्रोचार के साथ पूजन कर सामूहिक आरती की गई इस अवसर पर उपस्थित आचार्य पंडितो ने बताया की। विश्ववंद्य महाबाहु परशुराम भृगुश्रेष्ठ महर्षि जमदग्नि जी द्वारा संपन्न पुत्रेष्टि-यज्ञ से प्रसन्न देवराज इंद्र के वरदान स्वरूप पत्नी रेणुका जी के गर्भ से भगवान् विष्णु के आवेशावतार 'विश्ववंद्य महाबाहु परशुराम जी卐 का जन्म हुआ। पितामह भृगुद्वारा संपन्न नामकरण-संस्कार के अनन्तर राम, किंतु जमदग्नि का पुत्र होने के कारण जामदग्न्य और शिवजी द्वारा प्रदत्त परशु धारण किए रहने के कारण परशुराम कहलाए। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जिनको सादर नमन करते हों, उन शस्त्रधारी और शास्त्रज्ञ भगवान परशुराम की महिमा का वर्णन शब्दों की सीमा मे नहीं। भगवान परशुराम जयंती पर सुबह मोटर साइकल रैली नगर में निकाली गई जो नेवरा से तिल्दा सिंधी केप्म से होते हुए सभी जगहों से निकाली। समाज के सभी लोग उपस्थित थे

## नपा ने प्रदान की 10 हितग्राहियों को पीएम आवास योजना भवन की अनुज्ञा





तिल्दा-नेवरा, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पालिका क्षेत्र के दस पात्र हितग्राहियो को नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम एवं उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पार्षद बल्देव यादव व मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रमोद शुक्ला की उपस्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना की भवन अनुमति दी गई है जिससे हितग्राहियों में खुशी की लहर दौड़ गई है और आभार जताया गया है. नपा प्रशासन से मिली जानकारी अनुसार हितग्राहियो में नोहर निषाद, मिथलेश साहू, मालती साहू, भागवत यादव, रोशन यादव, नेहा इंदुरकर, ममता वाल्दे, पूजा सांगोडे, अशोक लाउतरे, शिवलाल मंडावी को भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया.

## उप संचालक लोक अभियोजन गजेन्द्र कुमार साहू ने किया पदभार ग्रहण

बलौदाबाजार, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। छत्तीसगढ़ गृह विभाग के



आदेशानुसार कार्यालय उप संचालक लोक अभियोजन बलौदाबाजार के रूप में गजेन्द्र कुमार साहू ने कार्यभार ग्रहण कर लिए है। साहू इसके पूर्व जिला अभियोजन अधिकारी के रूप में जीआरपी बिलासपुर में कार्यरत थे। उन्हें लगभग 5 साल से अधिक अवधि तक विधि और विधायी कार्य विभाग के कामकाज का अच्छा अनुभव है।

### जनपद सदस्य संजय बैस ने निरीक्षण कर उजागर की सड़क निर्माण में लापरवाही

# गुणवत्ता नहीं सुधरी तो होगा उग्र आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



दल्लीराजहरा, 22 अप्रैल। प्रधानमंत्री सड़क योजना के निर्माण में चल रही लापरवाही को विगत दिनों जनपद सदस्य संजय बैस ने निरीक्षण कर उजागर किया था। और विभाग से गुणवत्ता सुधारने की मांग करते हुए ऐसा नहीं होने पर गांव से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा कर आंदोलन की चेतावनी दी थी। रविवार को दी गई उक्त चेतावनी का अब जाकर असर हुआ और बुधवार को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग द्वारा सुधार का काम शुरू किया गया। कुसुमकसा क्षेत्र में चिपरा, ककरेल और जुनवानी को जोड़ने तीन अलग-अलग मार्ग पर प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हाल ही में सड़क बनाई गई है। जिस पर कुसुमकसा के जनपद सदस्य संजय बैस ने सवाल उठाया था। उन्होंने निर्माण स्थल पर मौका मुआयना कर वास्तविकता जानी और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में भी साझा किया था। जिसमें उन्होंने दिखाया था कि किस तरह सड़क बनने के बाद डामर के ऊपर मुरूम बिछाया गया है। जो कि साइड सोल्डर में बिछाने के लिए लाया जाता है और इस तरह मुरूम में फिसलकर वाहन चालक सड़क पर गिरने लगे हैं। जिससे आए दिन हादसा होने लगा है। विभाग ने मजदूर और मशीन के जरिए सबसे पहले सड़क के ऊपर बिछाए गए मुरूम को साफ करना शुरू किया है। इससे अब काफी राहत मिलेगी।

जनपद सदस्य ने बताया कि कुसुमकसा से चिपरा 37 लाख, कुसुमकसा से ककरेल लगभग 43 लाख और कुसुमकसा से जुनवानी तक 33 लाख में सड़क बनी है। काम लगभग पूरे हो चुके हैं। लेकिन साइड में मुरूम बिछाने के दौरान लापरवाही बरती गई थी। और सड़क पर बीचो-बीच बिछा दी गई थी तो वहीं मटेरियल की गुणवत्ता भी खराब थी। अभी से सड़क कई जगह उखड़ने भी लगी है। मुरूम सफाई के साथ उन्होंने जहां गड्ढे हुए हैं वहां मरम्मत की मांग भी की है। बुधवार को स्वयं संजय बैस कार्य स्थल पर पहुंच कर सफाई का जायजा लिया और सही तरीके से काम करने की बात कही।

# स्टार्टअप्स को सिटी सेंटर मॉल में सुविधाएं नहीं



रायपुर, 22 अप्रैल। युवा उद्यमियों जो इस राज्य का स्टार्टअप्स के रूप में छः ग प्रदेश में स्थापित है। जो इस प्रदेश का पूरे देश भर में नाम रोशन कर रहे है उनके साथ भूपेश सरकार कर रही है दुर्व्यवहार। 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स को सिटी सेंटर मॉल में इन्क्यूबेशन सेंटर 36 आईएनसी के नाम से ऑफिस प्रदान किया गया। जिसमे सभी युवा उद्यमियों व स्टार्टअप्स को किराया लिया जाता। जो कि उनके द्वारा समय समय पर दिया जाता है।

करीब एक हफ्ते से मॉल की पानी की सुविधा व लिफ्ट को बंद कर दिया गया है सभी स्टार्टअप्स के लोगो के द्वारा मॉल के मैनेजर व चिप्स के सीईओ को सूचित करने के बाद भी कोई भी समाधान नहीं किया गया।

जिसके विरोध में आज भाजयुमो व स्टार्टअप्स ने साथ मील के चिप्स आफिस का घेराव कर के ज्ञापन सौपा गया सीओओ अमिताभ शर्मा को जिसमे उन्होंने हमारी बात सुन कर मॉल के मैनेजर को तत्काल प्रभाव से सभी प्रकार की सुविधा को देने व स्टार्टअप्स की हर समस्या को सुलझाने को बोला।

जिला अध्यक्ष गोविंद गुप्ता का कहना है एक तरफ यह रोजगार देने की बात करते है और यहाँ युवा उद्यमियों को भेदःखल किया जा रहा है। कांग्रेस का दोगला चेहरा है। रायपुर संभाग प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित माहेश्वरी ने बताया कि 100 स्टार्टअप्स को सिटी सेंटर में ऑफिस 2018 में सरकार के द्वारा चयनित कर के मिला है अपने हुनर के अनुरूप। आज ये युवा पूरे देश मे हमरे प्रदेश का नाम कर रहे है सरकार उन्हें हटा रही है चिप्स के द्वारा किराया लेने के बाद भी आरडीए को नहीं देना इसमें स्टार्टअप्स की गलती कैसे। सरकार व चिप्स अपनी मानशिकता को स्पष्ट करें किसी युवा उद्यमी के साथ गलत नहीं होने देगा भारतीय जनता युवा मोर्चा।

सरकार व चिप्स इसमें निर्णय ले और बार बार की ये परेशानी जो आ रही है वो बंद करे, नहीं तो उग्र प्रदर्शन की चेतावनी देता है भाजयुमो जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

इस आंदोलन में प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास मित्तल, जिला महामंत्री अर्पित सूर्यवंशी, प्रणय साहू, गगन मित्तल, विशाल पांडेय, दीपक तन्ना, अमितेश, अंवेश पांडेय, आशीष आहूजा, अमित सिंघल, युवा उद्यमी विक्रम आदित्य, विनय श्रीरंगराम, मेघाल अग्रवाल, अनूप मित्रा, लक्षित सेठिया, नम्रता तापीय, प्रांजल कामरा उपस्थित थे।

# ईद पर लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 22 अप्रैल। ईदगाह मे मुस्लिम भाइयों ने प्रातः 9 मौलाना फैयाज अहमद के अगवाई ईद की नमाज अता कि गई उन्होंने खुदा बन्द करिम से देश प्रदेश और गरियाबंद में खुशहाली की दुआ मांगी इस अवसर पर ईदगाह मे मुस्लिम भाइयों ने एक दूसरे से गले मिल की बधाइयां दी तथा कब्रिस्तान पहुंचकर अपने मरहूम के कब्रो पर फतिया दरूद पेश किया। तत्पश्चात नगर में विभिन्न समाज के लोगों ने मुस्लिम भाइयों से गले मिल एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी इस अवसर पर नगर पालिका के द्वारा शरबत की व्यवस्था की गई थी आज पूरे देश में ईद-अल-फित्र का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही लोग ईदगाहों विभिन्न रंग बिरंगे परिधानों में ईदगाह की ओर जाते नजर आए जहां ईद की नमाज अदा कर एक दूसरे को गले लगाकर बधाई देते रहे। रमजान के पूरे महीने रोजेदारों ने रोजा रखा और जुमा की शाम ईद के चांद का दीदार होते ही कल ईद की आवश्यक तैयारियों में जुट गए थे देर रात तक घरों में ईद की तैयारियों में महिलाएं भी झूठी रही वही आप सुबह बीती रात गरियाबंद नगर के बाजारों में भी काफी खरीदारी करते मुस्लिम भाई नजर आए आज सुबह नमाज पढ़ने के बाद मुस्लिम भाइयों ने कब्रस्तान पहुंच अपने मरहूम के कब्रो पर फातिहा व दरूद पेश किया तत्पश्चात जहां एक दूसरे को बधाई दी वहीं अन्य समाज के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई दी।

## भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव में शामिल होंगे संतोष पांडे और गणेश शंकर मिश्रा

डोंगरगढ़, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवादादाता)। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी स्थानीय केदार बाड़ी स्थित विप्र भवन में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव 22 अप्रैल शनिवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सांसद संतोष पांडे और राजनांदगांव जिले के पूर्व कलेक्टर गणेश शंकर मिश्रा विषेश रूप से उपस्थित रहेंगे। एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने बताया कि 22 अप्रैल शनिवार को भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव के अवसर पर स्थानीय केदार बाड़ी स्थित विप्र भवन में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना के पश्चात अपराहन 3:00 बजे से समाज की महिला मंडल द्वारा सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात विप्र भवन से ही अपराह्न 4:00 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। बाइक रैली का नगर भ्रमण करते हुए वापस विप्र भवन में समापन होगा। भगवान परशुराम की पूजा आरती पश्चात विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही समाज की महिला मंडल द्वारा कराई गई दो दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी लड़के लड़कियों व महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा एवं मेधावी छात्र छात्राओं तथा आशीर्वादक वरिष्ठ जनों का भी सम्मान किया जावेगा। समाज के संरक्षक गण एवं अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी ने समाज के बंधुओं, माताओं बहनों से ज्यादा से ज्यादा उक्त कार्यक्रम में उपास्थित होने की अपील की है।

## चाकू लहराकर डराने धमकाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

डोंगरगढ़, 22 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। धारदार चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है.पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि



19/04/2023 को सूचना मिली कि ग्राम नागतराई का राकेश कुमार चौरे पिता आत्माराम चौरे को आम जगह महावीर चौक पर चाकू लहराते हुये लोगो में भय पैदा कर रहे है कि सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में हमराह स्टाफ गवाहन के मुखबीर के बताये अनुसार जगहो पर पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। विधिवत तलाशी लेने पर एक नग लोहे का चाकू धारदार को जप्त किया गया। आरोपियो का नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश कुमार चौरे पिता आत्माराम चौरे उम्र 26 साल साकिन नागतराई थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) रहने वाला बताया है आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 211/2023 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडिसियल रिमांड पर न्यायालय पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

# प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर तेलासीपुरी धाम का होगा पर्यटन केंद्र के रूप में विकास

## कलेक्टर बसंल ने तेलासी बाड़ा पहुंचकर किया औचक निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



बलौदाबाजार, 22 अप्रैल। कलेक्टर रजत बंसल ने धार्मिक पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पलारी विकासखंड अन्तर्गत स्थित ग्राम तेलासीपुरी धाम पहुंचकर निरीक्षण किया। कलेक्टर बसंल ने सतनामी समाज के प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों में प्रमुख तेलासीपुरी धाम के इतिहास के बारे में सामाजिक जनप्रतिनिधियों से जाना और इसे प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप के उभारने के निर्देश दिए। सामाजिक जनप्रतिनिधियों के मांग के अनुरूप तेलासी बाड़ा के विकास कार्य व सर्वोच्च गुरु अस्करण दास साहेब व राजमहंत नैनदास कुर्रे जी की प्रतिमा का अनावरण तथा प्राचीन समय में गए सभी जेल यात्रियों का नामकरण निर्माण व रंगमंच का निर्माण, प्रथम तल व द्वितीय तल में सराय निर्माण, सुलभ शौचालय निर्माण साथ की पानी टंकी की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी। उक्त निरीक्षण में सयुक्त कलेक्टर व सहायक आयुक्त मिथलेश डोंडे, जनपद सीईओ रोहित नायक, मंडल संयोजक एनपी बांधे, सुखीराम व मंदिर पुजारी दर्शन ढीढी सहित अन्य सामाजिक प्रतिनिधिगण उपस्थित थे। तेलासीपुरी का ऐतिहासिक महत्व- जिला मुख्यालय बलौदा बाजार से 35 किलोमीटर दूर भैसा से आरंग मार्ग में स्थित है ग्राम तेलासी जहां स्थित है सतनामी पंथ के संत अमर दास की तपोभूमि जिसे स्थानीय लोग तेलासी बाड़ा भी कहते हैं. सतनाम पंथ के लोगों के लिए यह एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। 1840 के लगभग तेलासी बाड़ा का निमार्ण गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र बालक दास जी के द्वारा निर्माण किया गया और उनका तेलासी बाड़ा में जीवन यापन चलता रहा। गुरु बालक दास के मृत्यु के बाद 1911 में तेलासी के साथ 273 एकड़ जमीन गणेशमल के पास गिरवी के द्वारा काबिज किया गया था जिसे समाज के सर्वोच्च गुरु असकरणदास एव राजमहंत नैन दास कुर्रे के नेतृत्व 103 समाज के लोग जेल गए थे इसी नेतृत्व में 27 अप्रैल 1986 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा जी द्वारा उक्त जमीन समाज को देने की निर्णय लिया गया।


**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202304094500046/202304094500046**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्‌ः-2022-2023
मुगलानी प.ह.न. 00009 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार उत्तम कुमार चन्द्रवंशी, अनावेदक पक्षकार

**ईश्तहार**

एतद्‌ द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उत्तम कुमार चन्द्रवंशी पिता अमरपाल चन्द्रवंशी जाति कंवर, निवासी ग्राम मुंगलानी तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया है कि, आवेदक के नाम से ग्राम खुबाटोला तहसील लाल बहादुर नगर अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 131/1, 139 रकबा 0.465, 0.405 हे. भूमि स्थित है, जिसका आवेदक को ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 प्राप्त हुआ था। उपरोक्त ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसको आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नही हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 04.05.2023 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात्‌ प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/04/2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
लालबहादुर नगर



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. अ/2, वर्ष, 2022-23
वाद भूमि ग्राम दुलदुला प.ह.नं. 17

**ईश्तहार**

एतद्‌ द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम दुलदुला प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीकार इन्नोवेटिव इण्डस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड इण्डस्ट्रीज द्वारा डायरेक्टर दिनेश वेदुला पिता नारायण वेदुला निवासी मारुती इन्क्लेव एक्सीस बैंक के पास टाटीबंध रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने ग्राम दुलदुला प.ह.नं. 17 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 125, 126, 127, 128 रकबा क्रमशः 0.1600, 0.2400, 0.2000, 0.2800 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.8800 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा नक्शा एवं बैनामा की छायाप्रति तथा ले-आऊट की प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 21.04.2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 06.04.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा



**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)**

फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक तुलेश्वर ठाकुर पिता श्री भारतलाल ठाकुर, जाति गोड़, आयु 29 वर्ष निवासी ग्राम सिरसिदा, वार्ड नं. 10, पो. मतवारी, थाना व तह0 गुण्डरदेही, जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका कु. नीतू साहू पिता श्री महेन्द्र कुमार साहू जाति तेली, आयु 22 वर्ष, निवासी ग्राम मतवारी, वार्ड नं. 11. पो. मतवारी, थाना अण्डा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 11/05/2023 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं निर्धारित तिथि के पश्चात्‌ प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 18/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

अगामी तिथि-11/05/2023

मुहर
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला-बालोद (छ.ग.)



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Chhattisgarh Government Undertaking) (A Successor Company of CSEB)
OFFICE OF THE ACE(S&P) DSPM TPS, KORBA (EAST), DISTT: KORBA, PIN: 495677 (C.G.)
PHONE NO. - (07759) 228501, TELEFAX -228501 Email- sepnw.dspmke@cspc.co.in

E-TENDER NOTICE NO.-2593/23

Online bids are invited by the undersigned through CSPGCL e-bidding system (SAP SRM) for, 2x250DSPM TPS, CSPGCL Korba East.

| S. No | Tender Specification No. | RFX No. of E-Tender | Particulars | Qty. | Last date & time of bid submission | E.M.D. (Rs.) | Tender Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | No.16-06/DSPM TPS/ACE(S&P)/SE(Cont.)/TESTING/W/T-2873/23 | 8100030905 | "Deployment of skilled Technician (ITI based) for assisting in various day to day works pertaining to Testing Division of 2X250 MW DSPM TPS, Korba East" | As per Tender Schedule | 15.05.2023 15:30 Hrs. | 9,214/- | 590/- |

For more details, please visit our website at: –http://www.cspc.co.in. Any amendment/ corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SUPERINTENDING ENGINEER (CONTRACT)
DSPM TPS, CSPGCL, KORBA EAST

SAVE ELECTRICITY

Samvad-36719/1



**न्यायालय तहसीलदार राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.202304220500015
ब/121 वर्ष 2022-23
ग्राम-श्यामनगर

**ईश्तहार**

एतद्‌ द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलेश्वर पटेल पिता/पति देराम जाति मरार निवासी ग्राम श्यामनगर तहसील राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा मृतक फूलकुंवर पति सीताराम का मृत्यु दिनांक 4/6/2010 को होना बताया गया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/सर्वसाधारण को आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 24/4/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। तद्पश्चात प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/4/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
राजिम



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-कांकेर**

Phone No:- 07868-241213, Email Id:- ee-res.kanker@gov.in

**//मैनुअल पद्धति जोनल निविदा सूचना//**

क्रमांक/01/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2023-24 कांकेर, दिनांक 18/04/2023

छ.ग. राज्य ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदत्त 'बी' एवं उच्च श्रेणी के लाइसेंसधारी, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित जनपद पंचायत अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में विद्युतीकरण कार्य हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है जोनल निविदा दिनांक 28.04.2023 शाम 5.00 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से (आमंत्रण क्रम द्वितीय बार) की जाती है तथा निविदा 01.05.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 |
| 1 | जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य, **जनपद पंचायत-कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, दुर्गूकोंदुल, अंतागढ़, कोयलीबेड़ा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)** | प्रत्येक जनपद पंचायत में रू. 10.00 लाख |

2\. निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट-2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-कांकेर

जी-00410/4



**कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**//मैनुअल पद्धति प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना//**

क्रमांक/32/NIT NO 03/जि.नि.स.2023-24 सुकमा, दिनांक-17/04/2023

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मरम्मत कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि 28.04.2023 हैः-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु.लाख मे) |
|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक शाला कोसाबन्दर | 10.67 |
| 2 | शासकीय प्राथमिक शाला लेण्डीरास (एस.एस.ए.) | 10.67 |
| 3 | शासकीय प्राथमिक शाला कानकीपारा (एस.एस.ए.) | 11.64 |
| 4 | नवीन प्राथमिक शाला कोठीगुड़ा | 11.64 |
| 5 | प्राथमिक शाला गीदम | 11.64 |
| 6 | शासकीय प्राथमिक शाला निबुपदर गीदम | 11.64 |
| 7 | शासकीय माध्यमिक शाला गोंगला | 12.61 |
| 8 | शासकीय प्राथमिक शाला कोसाबंदर (एस.एस.ए.) | 12.61 |
| 9 | नवीन प्राथमिक शाला डाडाबाडी | 13.58 |
| 10 | ज्ञान ज्योति नवीन प्राथमिकशाला निरगुण्डीपारा | 13.58 |
| 11 | शासकीय माध्यमिक शाला गादीरास | 13.58 |
| 12 | शासकीय प्राथमिक शाला गोंगला | 14.55 |
| 13 | शासकीय प्राथमिक शाला मुयापारा (एस.एस.ए.) | 14.55 |
| 14 | शासकीय प्राथमिक शाला कसाड़गुडा (एस.एस.ए.) | 14.55 |
| 15 | शासकीय प्राथमिकशाला जामपारा झलियारास (एस.एस.ए.) | 15.52 |
| 16 | प्राथमिक शाला तेलगापारा गोंगला | 15.52 |
| 17 | शासकीय प्राथमिक शाला सोनाकुकानार पटेलपारा | 17.46 |
| 18 | नवीन माध्यमिक शाला रामपुरम | 17.46 |
| 19 | बालक आश्रम मुनगा | 23.28 |
| 20 | शासकीय पो.के.गादीरास | 30.07 |
| 21 | शासकीय पो.के.मुरतोण्डा | 30.07 |
| 22 | शासकीय पो.के. केरलापाल (एस.एस.ए.) | 32.01 |
| 23 | शासकीय आश्रम कोर्रा | 32.01 |
| 24 | शासकीय पो.के. सुकमा कुम्हाररास | 32.98 |
| 25 | शासकीय पो.के. चिन्तागुफा | 16.39 |
| 26 | शासकीय पो.के. मरईगुड़ा | 16.49 |
| 27 | शासकीय प्राथमिक शाला आवासपारा दुब्बाटोटा | 16.49 |
| 28 | शासकीय हाईस्कुल पोलमपल्ली | 18.43 |
| 29 | शासकीय प्राथमिक शााला पिन्नाभेज्जी | 20.37 |
| 30 | शासकीय प्राथमिक शाला अरलमपल्ली | 20.37 |
| 31 | शासकीय नवीन हाई सेकेण्डरी छिन्दगढ़ | 20.37 |
| 32 | शासकीय कन्या आश्रम हिकमीरास | 21.34 |
| 33 | शासकीय हाई स्कुल पाकेला | 30.07 |
| 34 | शासकीय पो.के. पाकेला (एस.एस.ए.) | 39.77 |
| 35 | नवीन प्राथमिक शाला देवकुपली कोकरपाल | 21.34 |
| 36 | शासकीय जनपद प्राथमिक शाला कोण्डरे | 21.34 |

उपरोक्त कार्यो की निविदा से संबंधित आवश्यक शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस पर कार्यालय से प्राप्त की जा सकेगीः-
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

(डिप्टी कलेक्टर)
नोडल अधिकारी
जिला निर्माण समिति सुकमा (छ.ग.)

जी-00434/6

## एक नजर

### पराक्रम के प्रतीक हैं परशुरामः संदीप

**रायपुर, 22 अप्रैल।** संदीप तिवारी ने छत्तीसगढ़ प्रदेशवासियों को शस्त्र विद्या के गुरु एवं भगवान श्री विष्णु जी के छठवें अवतार परशुराम जी के जन्मोत्सव पर शुभकामनाएँ दी। आज अक्षय तृतीया का पर्व है और इस तिथि पर भगवान विष्णु के सभी दस अवतारों में छठें अवतार माने गए भगवान परशुराम जी की जंयती भी मनाई जाती है। हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। भगवान परशुराम महर्षि जमदग्नि और रेणुका की संतान हैं। भगवान परशुराम का जिक्र रामायण, महाभारत और कल्कि पुराण में भी किया गया है। भगवान परशुराम पराक्रम के प्रतीक माने जाते हैं तथा अन्याय के विरोध और मानवहित के लिए किये गए कार्यों के लिए भी उन्हें नमन किया जाता है। इस दिन हमें भगवान परशुराम के साथ विष्णु जी की भी कृपा प्राप्त होती है। संदीप तिवारी ने कहा कि वैसे तो अक्षय तृतीया पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है लेकिन छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया को अक्ती तिहार के रुप में भी मनाया जाता है। इस दिन घर घर में लोग मिट्टी से बने गुड्डा गुड़ियों का विवाह पूरी रीति रिवाज के साथ कराने की परंपरा है।

### इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर एलआईसी एजेंट ने की लाखों की ठगी

**रायपुर, 22 अप्रैल।** इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर एलआईसी एजेंट ने लाखों की ठगी की है। आरोपी एजेंट ने प्राथी की पत्नी और बच्चो के नाम से पॉलिसी खुलवाई और क़िस्त न पाता कर खुद ही पैसा रख लिया. घटना में थाना सरस्वती नगर में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है. एलआईसी एजेंट ने प्रार्थी की पत्नी के नाम पर न्यू मनी बैंक प्लान और बेटे के नाम पर चिल्ड्रन मनी बैंक प्लान खुलवाने का झांसा देकर लाखों की ठगी की है. आरोपी का नाम रामकुमार साहू है जिसने 2018 प्राथी गौकरण साहू को एलआईसी की पॉलिसी लेना को बोलै और धोखा देते हुई न तो पुलिस का पैसा लेता रहा. वही आरोपी ने करीब 3 लाख से ज्यादा पैसा प्रार्थी से ले लिया और कोई पॉलिसी नहीं दी. घटना की शिकायत प्राथी ने सरस्वती नगर थाने में की. जांच के बाद आरोपी के खिलाफधोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है.

### प्रदेश में ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

**रायपुर, 22 अप्रैल।** मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले 48 घंटो के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया है। जिसमें सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग और रायपुर संभाग के सभी जिले प्रभावित हो सकते हैं। इन संभागों के जिलो में एक दो जगहों पर गरज चमक व हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही अंधड़ और वज्रपात की भी संभावना है। मौसम विभाग ने बस्तर संभाग के सभी जिलो के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. जिसमें सकुमा, कांकेर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर, कोंडागांव जिला प्रभावित हो सकता है. वहीं एक दो जगहों पर ओला वृष्टि की संभावना भी है. साथ ही गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश और अंधड़ चलने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने इसके साथ ही संभावित प्रभाव की जानकारी दी है। जिसके मुताबिक घांस-फूस की झोपडियों और एसबेस्टस की छत वाले घरों को नुकसान पहुंचने की संभावना है। आधी-अधूरी धातु की चादर भी उड़ सकती है। मौसम विभाग ने कहा है कि पेड़ों के नीचे आश्रय ना लें। गडग़ड़ाहट सुनने के बाद घर में जाएं या सुरक्षित पक्के आश्रयों की तलाश करें। अगर कोई आश्रय उपलब्ध नहीं है तो तुरंत उखडू बैठ जाएं। खराब मौसम के दौरान बिजली उपकरणों का इस्तेमाल ना करें तथा बिजली की लाइनों से दूर रहें।

### मुख्यमंत्री से स्टेट पोल्ट्री का प्रतिनिधि मण्डल मिला

**रायपुर, 22 अप्रैल।** छग के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके राजधानी रॉयपुर स्थित निवास में छग राज्य पोल्ट्री ब्यवसाईयो का एक प्रदेश प्रतिनिधि मण्डल मिला ।जिन्होंने माँग रखी की पोल्ट्री को एग्रीकल्चर में शामिल किया जाये। इस माँग पर मुख्यमंत्री ने समीक्षा कर आगे की कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालो में प्रमुख रूप से छग पोल्ट्री संघ के प्रदेश अध्यक्ष असीम बेग, गोविंद चन्द्राकर, सूर्यकांत, एसएस.ब्रम्हाकर, हरदीप सिंह, मेहुल पटेल, नंदकुमार वर्मा व बिकास चन्द्राकर सहित अन्य जन शामिल थे।

ईद उल फितर



रायपुर, 22 अप्रैल। ईद के अवसर पर आज ईदगाह भाटा स्थित मस्जिद में नमाज अदा की गई. इस दौरान मौजूद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गले मिलकर सभी को ईद की मुबारकबाद दी. मुख्यमंत्री के अलावा रायपुर महापौर एजाज ढेबर, विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधायक कुलदीप जुनेजा, निगम सभापति प्रमोद दुबे सहित अन्य लोग मौजूद थे. पूरे देश के साथ प्रदेश में भी ईद का पर्व आज बड़े धूमधाम से मनाया गया।

### हेट स्पीच मामले में भाजपा नेता के खिलाफ जुर्म दर्ज

**रायपुर, 22 अप्रैल।** बिरनपुर मामले में हेट स्पीच की शिकायत के बाद जांच भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष शुभांकर द्विवेदी के विरुद्ध सोशल मीडिया में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने तथा वैमनस्यता बढ़ाने पोस्ट करने के आरोप में थाना सिविल लाइंस में भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए)तथा 505(2) के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। शुभांकर द्विवेदी द्वारा अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल में बिरनपुर घटना से संबंधित एक घर के जलने के वीडियो को पोस्ट करते हुए 'बेमेतरा में हृदय को सुकून देने वाला आक्रोश' लिखकर पोस्ट किया था। इस मामले की शिकायत कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने की थी।

## मिलेट्स का बाजार बढ़ाने नई रणनीति

### छत्तीसगढ़ में रागी, कोदो, कुटकी मंडी में बेच सकेंगे

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)



**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में मिलेट्स की बिक्री को लेकर एक नई योजना बनाई गई है। इसके लिए अधिकारियों को विधिवत प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया है। भारत सरकार अब छत्तीसगढ़ मंडी विपणन बोर्ड के माध्यम से इसका संकलन एवं विक्रय करने के लिए नई योजना बना रही है।

भारत सरकार की एक अधिकृत संस्था कोसाम के द्वारा देहरादून में मिलेट्स को बेचने के लिए प्रदेश के कृषि विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया था। इसमें छत्तीसगढ़ में होने वाली फसल रागी, कोदो, कुटकी सहित अन्य राज्यों में मिलेट्स के उत्पादन एवं विक्रय को लेकर विचार-विमर्श किया गया। छत्तीसगढ़ के मंडी बोर्ड के अधिकारियों को लोगों में जागरूकता लाने के लिए विज्ञापन देने एवं उच्च स्तरीय रणनीति बनाने पर ध्यान केंद्रित करने कहा। छत्तीसगढ़ में मंडी बोर्ड धान खरीदी के अलावा अन्य कार्य करती है। उनके पास 128 से अधिक मंडिया एवं उपमंडियां हैं। प्रधानमंत्री ने अब मोटे अनाज के विक्रय को काफी प्रोत्साहन दिया है। कई राज्यों में इसके व्यंजन बनाए जाते हैं। भारत सरकार छत्तीसगढ़ के कृषि विभाग को ही अब अधिकृत करना चाहती है। वर्तमान में वन विभाग के लघुवनोपज संघ के माध्यम से इसका संग्रहण का कार्य किया जाता है।

राज्य सरकार के उद्योग, वन एवं कृषि विभाग द्वारा अनेक संस्थाओं का पंजीकरण किया गया है। कोदो डायबिटीज सहित अन्य रोग नियंत्रण में सहायक है। रागी, कुटकी इस समय बस्तर में पर्याप्त मात्रा में होती है। छत्तीसगढ़ सरकार इसके संग्रहण एवं विक्रय पर भी प्रोत्साहन दे रही है। अखिल भारतीय स्तर पर अब मिलेट्स के विक्रय पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता बताई गई है। मंडी बोर्ड की ओर से छग सरकार का प्रतिनिधित्व कुंभज ने किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पर्याप्त मात्रा में मिलेट्स का बाजार बनाया जा रहा है। भविष्य में इसके लिए कुशल व्यापारिक रणनीति बनाई जाएगी। इसके विक्रय को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### सरगुजा संभाग में बूथ स्तरीय कमेटी गठित करने होगी शीघ्र बैठक

## चुनावी मिशन 2023 के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 22 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने मिशन 2023 के तहत अब सरगुजा संभाग में बूथ स्तरीय समिति गठित करने के लिए शीघ्र बैठक बुलाने का निर्णय लिया है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम रायपुर के बाद दुर्ग संभाग की बैठक ले चुके हैं।

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए अब एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। बूथ स्तर पर समितियां गठित करने का निर्णय लिया गया है। राज्य में 24 हजार मतदान केंद्र हैं। कांग्रेस इनमें से एक हजार मतदान केंद्रों में बूथ कमेटी बनाने का निर्णय ले चुकी है। लेकिन रायपुर संभाग में गुटबाजी के चलते अभी तक कमेटियां गठित नहीं हो पाई है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम रायपुर में राजनीतिक स्थितियों को देखते हुए ज्यादा हस्तक्षेप करने के पक्ष में नहीं है। बताया जाता है कि सरगुजा संभाग के अंतर्गत करीब 13 सीट आती है। सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया जिले में सामान्य सीट के अलावा आदिवासी सीटों पर भी नजर रखी जा रही है। वर्तमान में अंबिकापुर के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के बयान पर भी नजर रखी जा रही है। बिलासपुर में उन्होंने जो बयान दिया है उसको लेकर कांग्रेस में हड़कंप है। सरगुजा रियासत का अंबिकापुर में काफी दबदबा है। यहां पर सिंहदेव अपने समर्थकों को टिकिट दिलाने के लिए वे प्रयास करेंगे। जशपुर जिले में फिलहाल तीन सीटों पर कांग्रेस का कब्जा है। कोरिया में महिला विधायक अंबिका सिंहदेव की भूमिका पर भी कई सवाल खड़े हो गए हैं। यहां पर सभी सीटों पर प्रत्याशी चयन के लिए भी रायशुमारी की जाएगी। ज्ञात रहे प्रतापगढ़ से प्रेमसाय सिंह टेकाम और सीतापुर से अमरजीत भगत विधायक हैं।



प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा से निरंतर मार्गदर्शन ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ की जनहित योजनाओं को सफल बनाने एवं इसी आधार पर चुनाव लड़ने की रणनीति बनाई जा रही है। छत्तीसगढ़ में दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर में भी कांग्रेस की नजर लगी हुई है। यहां पर भी सभी सीटों पर अब कांग्रेस का कब्जा है। कांग्रेस की बैठकों का सिलसिला फिलहाल जारी रहेगा।

## बड़ी पूजा में कोरोना से सुरक्षा के लिए प्रार्थना



**रायपुर, 22 अप्रैल।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणिप्रभ सूरीश्वर प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में अमावस्या के पावन अवसर पर दादागुरुदेव की बड़ी पूजा कर कोरोना के बढ़ते स्वरूप से सुरक्षा, सुख समृद्धि, आरोग्य व सामाजिक सौहार्द की प्रार्थना की गई उक्ताशय की जानकारी श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष सन्तोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने दी। छत्तीसगढ़ में प्रभु कृपा से महामारी से हमे मुक्ति मिली व निरन्तर छ ग में सुख शांति व आनंद मय वातावरण दादा गुरुदेव की कृपा से निर्मित हुआ है ऐसा वातावरण चिरकाल तक बना रहे। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में विगत 5 वर्षो से दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा द्वारा दादा गुरुदेव की साधना आराधना द्वारा भक्तो के मंगलमय जीवन की अरदास की जाती है, आज अमावस्या की बड़ी पूजा का मांगलिक विधान में छः ग व समस्त भारत मे सुख शांति व आरोग्य मय जीवन कि प्राथना की गई उपरोक्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष जैन व महासचिव महेन्द्र कोचर ने देते हुए बताया कि संगीतमय विधान का प्रारंभ प्रातः 9 - 30 हुआ जिसमें दादागुरुदेव की अष्ट प्रकारी पूजा की गई। समस्त भक्तजनों से भक्तिमय विधान में श्रद्धा पूर्वक भाग लिया। बड़ी पूजा के लाभार्थी परिवार जयचंद रमेशचंद बच्छावत, बसंत जी जितेंद्र जी नाहर,निलमचंद डॉ अंशुल बरडिया, वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा, गुमांचन्द कांतिलाल झाबक, मूलचंद संतोष सरल बैद, दिनेश कुमार जैन वालफोर्ड इन्कलेव परिवार है।

चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में मूक पक्षियों के लिये दाना फ़ीडर व सकोरे का वितरण किया जा रहा है।

## प्रदेश में उद्यानिकी व वानिकी की भरपूर संभावनाएंः सीएम



**रायपुर, 22 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह प्रदेश कृषि प्रधान प्रदेश है 70 से 80 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित हैं। इन चार सालों में कृषि उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हुई है। छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में खासकर आदिवासी अंचलों में कोदो, कुटकी, रागी का उत्पादन करते हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने कोदो और कुटकी का समर्थन मूल्यनिर्धारित किया और उसकी खरीदी की व्यवस्था भी की है। बस्तर कॉफी अब काफी लोकप्रिय हो रहा है हम उसकी मांग की पूर्ति भी नहीं कर पा रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में पहले किसान मिर्ची की तोड़ाई के लिए आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जाया करते थे। अब किसान खुद ही बस्तर में मिर्ची की खेती कर रहे हैं। प्रदेश में उद्यानिकी एवं वानिकी के विकास के लिए भरपूर संभावनाएं हैं। छत्तीसगढ़ उद्यानिकी और वानिकी के क्षेत्र में एक बड़ा हब बनेगा देश-विदेश से लोग यहां अध्ययन के लिए आएंगे।

सौजन्य मुलाकात



**रायपुर, 22 अप्रैल।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में कोटा विधायक रेणु जोगी ने सौजन्य भेंट की. इस अवसर पर अमित जोगी भी उपस्थित थे. यहां अमित जोगी ने 'अजीत जोगी-सपनों का सौदागर' पुस्तक भी राज्यपाल को भेंट की.

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर तत्परता से करें कार्रवाई : शिवकुमार डहरिया

**रायपुर, 22 अप्रैल।** नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज प्रदेश के नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। यह समीक्षा बैठक का यह दूसरा दिन है। नगरीय निकाय के इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित हो। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत सभी कार्यों को बारिश के पहले प्रारंभ करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का अधिक से अधिक लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने, इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। इसके अलावा शिक्षित युवाओं को बेरोजगारी भत्ते का लाभ दिलाने आवेदन पत्र स्वीकार किए जा रहे हैं, इसकी भी उन्होंने समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि बीजापुर जिले के नगर पंचायत भोपालपट्टनम में नवीन बस स्टैण्ड का निर्माण कराया जाएगा।





## कोरोना पर नेता प्रतिपक्ष गलत बयानी कर भय न फैलाएं : कांग्रेस

**रायपुर, 22 अप्रैल।** कोरोना को लेकर नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल द्वारा दिये गये बयान को प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने प्रदेश में अनावश्यक भय फैलाने वाला बताया है। कोरोना से निपटने को लेकर राज्य सरकार की पूरी तैयारी है, किसी को डरने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य अमला पूरी तरह सजग है और कोरोना के केस मिलना शुरू होते ही राज्य सरकार ने इसके लिये गाइड लाइन जारी कर दिया है। सभी जिलों अस्पतालों, सभी मेडिकल कॉलेजों एवं स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों में कोरोना की जांच और उसके इलाज की पूरी व्यवस्था की गयी है। राज्य में प्रतिदिन 6000 के लगभग लोग कोरोना की आशंका से अपना परीक्षण करवाने आ रहे है। भले ही पॉजीविटी 9 के लगभग है लेकिन संक्रमण की आशंका वाले लोगों की संख्या कम है तभी परीक्षण कराने वाले लोगों की संख्या कम है। नेता प्रतिपक्ष सिर्फ राजनीति करने के लिये कोरोना के आंकड़ों को लेकर जो बयानबाजी कर रहे हैं, उससे अनावश्यक भय के हालात पैदा होते है। प्रदेश में हालात डरने वाली नहीं है, लोगों को सावधान और सचेत रहने की जरूरत है। जिम्मेदार पद पर बैठे हुये लोगों को कोरोना जैसे संवेदनशील मामले में सोच समझकर बयान देना चाहिये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि देश में प्रतिदिन 12,000 कोरोना केस निकल रहे है और देश में अभी तक सक्रिय मरीजों की संख्या भी 60,000 के ऊपर पहुंच चुकी है। ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफबयान देना चाहिये कि वह कोरोना को लेकर गंभीर नहीं है जिसके कारण कोरोना के केस देश में बढ़ रहे है। छत्तीसगढ़ सरकार कोरोना के पिछले तीनों भयावह दौर में भी सजग और मुस्तैद थी तथा अपने नागरिकों के टेस्टिंग से लेकर इलाज तक की पूरी व्यवस्था देश में सबसे बेहतरीन छत्तीसगढ़ में थी। देश के दूसरे राज्यों से आये लोगों के लिये भी राज्य सरकार ने इलाज और ठहरने का पूरा इंतजाम किया था। जब प्रधानमंत्री मोदी ताली और थाली बजवा रहे थे तब भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इलाज और टेस्ट की वैज्ञानिक पद्धति पर जोर दे रहे थे।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23